http://amritkalashtimes.com

# अमृत कलश टाइम्स

वर्ष : 18
अंक : 137

प्रयागराज रविवार 02 फरवरी 2025

पृष्ठः- 4, मूल्यः- एक रुपया

### वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2025-26 का आम बजट पेश किया, बोली-

# बजट विकास को गति देने और समोवशी विकास प्रदान करेगा



नयी दिल्ली, एजेंसी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2025–26 के आम बजट को पेश करते हुये शनिवार को कहा कि यह केंद्रीय बजट विकास को गति देने और समावेशी विकास प्रदान करने के प्रयासों को जारी रखने वाला है। वर्ष 2014 से नरेन्द्र मोदी सरकार के तहत लगातार 14वां बजट और अपना आठवां बजट पेश करते हुए श्रीमती सीतारमण ने कहा, "हम एक साथ मिलकर अधिक समृद्धि के लिए अपनी क्षमता को अनलॉक करने की यात्रा पर निकल पड़े हैं।" उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था सभी विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने कहा, "हमारी अर्थव्यवस्था सभी प्रमुख विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है। पिछले 10 वर्षों के हमारे विकास ट्रैक रिकॉर्ड और संरचनात्मक सुधारों ने वैश्विक ध्यान आकर्षित किया है। इस बजट में, प्रस्तावित विकास उपाय 10 व्यापक क्षेत्रों में फैले हुए हैं, जो गरीबों, युवाओं, अन्नदाता (किसान) और नारी (महिलाओं) पर ध्यान केंद्रित करते हैं, कृषि विकास और उत्पादकता को बढ़ावा देते हैं, ग्रामीण समृद्धि और लचीलापन बनाते हैं, और सभी को एक समावेशी विकास पथ पर साथ लेकर चलते हैं, विनिर्माण को बढ़ावा देते हैं और मेक इन इंडिया को आगे बढ़ाते हैं, एमएसएमई का समर्थन करते हैं, रोजगार आधारित विकास को सक्षम करते हैं, लोगों, अर्थव्यवस्था और नवाचार में निवेश करते हैं।" केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार तुअर, उड़द और मसूर पर विशेष ध्यान देने के साथ दालों में आत्मनिर्भरता के लिए छह साल का मिशन शुरू करेगी। नेफेड और एनसीसीएफ जैसी केंद्रीय एजेंसियां घ्इन एजेंसियों के साथ पंजीकरण कराने वाले और समझौते करने वाले किसानों से अगले चार वर्षों के दौरान इन तीन दालों की उतनी ही खरीद करने के लिए तैयार रहेंगी। उन्होंने कृषि क्षेत्र के लिए प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना शुरू करने की घोषणा करते हुये कहा कि इसके साथ ही कृषि जिलों का विकास कार्यक्रम शुरू किया जायेगा जो आकांक्षी जिलों के कार्यक्रम की सफलता से प्रेरित होकर सरकार राज्यों के साथ साझेदारी में यह योजना शुरू करेगी। इस कार्यक्रम से 1.7 करोड़ किसानों को मदद मिलने की संभावना है। केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा, "ऋण तक पहुंच में सुधार के लिए, क्रेडिट गारंटी कवर को बढ़ाया जाएगा। सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए 10 करोड़ रुपये तक, जिससे अगले पांच वर्षों में 1.5 लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त ऋण मिलेगा।

स्टार्टअप के लिए 10 करोड़ रुपये से 20 करोड़ रुपये तक, 27 फोकस क्षेत्रों में ऋण के लिए गारंटी शुल्क को एक प्रतिशत तक कम किया जा रहा है, जो कि आत्मनिर्भर भारत के लिए महत्वपूर्ण हैं। अच्छी तरह से चलने वाले निर्यातक एमएसएमई के लिए 20 करोड़ रुपये तक के टर्म लोन के लिए, साथ ही सूक्ष्म उद्यमों के लिए, हम उद्यम पोर्टल पर पंजीकृत सूक्ष्म उद्यमों के लिए पांच लाख रुपये की सीमा के साथ अनुकूलित क्रेडिट कार्ड पेश करेंगे।" श्रीमती सीतारमण ने कहा कि विकसित भारत के लिए परमाणु ऊर्जा मिशन, 2047 तक कम से कम 100 गीगावाट परमाणु ऊर्जा का विकास हमारे ऊर्जा परिवर्तन के लिए आवश्यक है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निजी क्षेत्रों के साथ सक्रिय भागीदारी के लिए परमाणु ऊर्जा अधिनियम और परमाणु क्षति के लिए नागरिक दायित्व अधिनियम में संशोधन किए जाएंगे।

## वेतनभोगी को 12.75 लाख रुपये तक आयकर नहीं लगेगा

वित्त मंत्री सीतारमण ने शनिवार को मध्यम वर्ग विशेषकर वेतनभोगियों को बड़ी राहत देते हुये वित्त वर्ष 2025–26 के आम बजट में जो प्रस्ताव किये हैं उससे 12.75 लाख रुपये तक की आय पर अब कोई आयकर नहीं लगेगा और 24 लाख रुपये या उससे अधिक आय वालों को 1.10 लाख रुपये की बचत होगी वहीं इस प्रस्ताव से सरकार को एक लाख करोड़ रुपये का राजस्व घट जायेगा। श्रीमती सीतारमण ने राष्ट्र निर्माण में मध्यम वर्ग पर भरोसा जताते हुए बजट में नई आयकर व्यवस्था के तहत नए प्रत्यक्ष कर स्लैब और दरों का प्रस्ताव किया गया है, ताकि प्रति वर्ष 12 लाख तक की कुल आय के लिए कोई आयकर न देना पड़े, यानी पूंजीगत लाभ जैसी विशेष दर आय को छोड़कर प्रति माह एक लाख की औसत आय और 75,000 रुपये की मानक कटौती के कारण प्रति वर्ष 12.75 लाख रुपये तक कमाने वाले वेतनभोगी व्यक्ति को आयकर नहीं देना होगा। नई कर संरचना और अन्य प्रत्यक्ष कर प्रस्तावों के कारण, सरकार को लगभग एक लाख करोड़ का राजस्व खोना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में सरकार ने लोगों की जरूरतों को समझने के लिए कदम उठाए हैं।

## यह बजट देशवासियों की आकांक्षा का बजट है : मोदी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद में शनिवार को पेश वित्त वर्ष 2025–26 के बजट को देशवासियों के आकांक्षाओं का बजट बताते हुए कहा कि इससे बचत, निवेश, उपभोग और आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा। श्री मोदी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बजट भाषण के बाद इसके प्रस्ताव पर टिप्पणी करते हुए कहा, "आज भारत की विकास यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। यह 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं और सपनों को पूरा करने वाला बजट है।" उन्होंने कहा कि हमने कई सेक्टर युवाओं के लिए खोल दिये हैं।

## बजट आत्मनिर्भर भारत का रोड़मैप : शाह



नयी दिल्ली। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आम बजट को विकसित और हर क्षेत्र में श्रेष्ठ भारत के निर्माण की दिशा में मोदी सरकार की दूरदर्शिता का ब्लूप्रिंट करार दिया है। श्री शाह ने वित्त वर्ष 2025–26 के लिए शनिवार को लोकसभा में पेश आम बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, बजट–2025 विकसित और हर क्षेत्र में श्रेष्ठ भारत के निर्माण की दिशा में मोदी सरकार की दूरदर्शिता का ब्लूप्रिंट है। किसान, गरीब, मध्यम वर्ग, महिला और बच्चों की शिक्षा, पोषण व स्वास्थ्य से लेकर स्टार्ट अप, नवाचार और निवेश तक, हर क्षेत्र को समाहित करता यह बजट मोदी जी के आत्मनिर्भर भारत का रोडमैप है।

## बीजापुर में पांच इनामी नक्सली समेत 10 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

बीजापुर, एजेंसी। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में पांच इनामी नक्सलियों समेत 10 नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में से नियमगिरी एरिया कमेटी के सदस्य अर्जुन मड़कम (20) पर दो लाख रूपए का इनाम है। वहीं, पालागुड़ा जनताना सरकार के उपाध्यक्ष हड़मा ताती ऊर्फ मोरली (38), नक्सली हुंगा माड़वी (42), भीमा माड़वी (34) और नंदा मड़कम (45) पर एक–एक लाख रूपए का इनाम है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नक्सलियों ने जिले में चल रही 'नियद नेल्ला नार' (आपका अच्छा गांव) योजना से प्रभावित होकर तथा नक्सली संगठन के विचारों से मोहभंग होने के कारण आत्मसमर्पण किया है। उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के खिलाफ पुलिस दल पर हमला समेत कई अन्य नक्सली घटनाओं में शामिल होने का आरोप है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आत्मसमर्पण करने पर नक्सलियों कोउत्साहवर्धन के लिए शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत 25–25 हजार रुपए नगद प्रदान किया गया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 में जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ों में 58 नक्सलियों को मार गिराया था। वहीं 189 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया था तथा 503 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि जिले में इस वर्ष अब तक 17 नक्सली मारे गए हैं तथा 23 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। वहीं 46 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है।

## जाली दस्तावेजों के आधार पर भारत में रहने के आरोप में तीन बांग्लादेशी पकड़े गए

नयी दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली में एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। लंबे समय से दिल्ली में घुसपैठियों के बढ़ जाने की खबरें हैं। अब उन्हें पकड़ने के लिए सर्च अभियान तेज हो रखा है। दिल्ली पुलिस ने जाली भारतीय पासपोर्ट और आधार कार्ड का इस्तेमाल कर गैर कानूनी तरीके से भारत में रहने के आरोप में बांग्लादेश के तीन नागरिकों को पकड़ा गया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि अवैध विदेशी नागरिकों के खिलाफ कार्रवाई के तहत पहाड़गंज क्षेत्र से इन बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार, 28 जनवरी को दस्तावेजों के सत्यापन और आंकड़ों के विश्लेषण के दौरान तीन बांग्लादेशियों की धोखाधाड़ी का खुलासा हुआ। पुलिस ने बताया कि उनके आवास की तलाशी में दो भारतीय पासपोर्ट, दो बांग्लादेशी पासपोर्ट, पांच आधार कार्ड, दो पैन कार्ड, एक मतदाता पहचान पत्र, कई बैंक दस्तावेज और एक बांग्लादेशी शिक्षा बोर्ड का अंकपत्र बरामद हुआ। अधिकारियों ने बताया कि स्वीटी सरकार उर्फ जोहरा खातून, उसकी बेटी पुष्पा सरकार उर्फ सैय्यदा अख्तर पुष्पा और एक किशोर को पकड़ा गया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि जांच में खुलासा हुआ कि जोहरा खातून बेनापोल सीमा के जरिए अवैध रूप से भारत में दाखिल हुई थी और गत 20 साल से दिल्ली में रह रही थी। उन्होंने बताया कि उसने 2020 में जाली दस्तावेजों के आधार पर भारतीय पासपोर्ट हासिल किया, जबकि उसकी बेटी ने सितंबर 2024 में भारतीय पासपोर्ट हासिल किया। अधिकारी ने कहा, "हमने मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

इसके अलावा एक बांग्लादेशी नागरिक मुहम्मद अली अमीन (जो दिसंबर 2024 में वीजा अवधि समाप्त होने के बावजूद देश में रह रहा था) को वापस भेज दिया है।" उन्होंने बताया कि अब तक 21 बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान की जा चुकी है, जिनमें से 18 को निर्वासित किया जा चुका है।




**विद्या की देवी माँ सरस्वती के पूजन दिवस बसंत पंचमी पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं**

दिव्य-भव्य-डिजिटल एकता का महाकुम्भ





**उत्तर प्रदेश बन रहा उच्च शिक्षा का एक बड़ा हब**

**विश्वविद्यालय** – 22 राजकीय, 01 डीम्ड, 01 मुक्त एवं 47 निजी

**महाविद्यालय** – 171 राजकीय, 331 एडेड, 7,372 स्ववित्तपोषित

**उच्च शिक्षा में छात्रों की संख्या** – लगभग 52.50 लाख

**प्रगति का सफर**

- 08 नए राजकीय विश्वविद्यालयों की स्थापना। अब हो गए समस्त 18 मंडलों में सरकारी विश्वविद्यालय।
- राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त संस्थानों को निजी विद्यालय खोलने हेतु 28 आशय पत्र निर्गत, जिनमें से 18 विश्वविद्यालय संचालित।
- भारत का पहला ऑफ कैम्पस विश्वविद्यालय नोएडा में स्थापित।
- वर्ष 2025-26 में 71 नवनिर्मित राजकीय महाविद्यालय संचालित करने का लक्ष्य।
- असेवित जिलों में विश्वविद्यालयों की स्थापना को प्रोत्साहन हेतु उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा प्रोत्साहन नीति 2024 लागू।
- विदेशी उच्च शिक्षा संस्थान व NIRF रैंकिंग में शीर्ष 50 स्थान रखने वाले विश्वविद्यालयों को बहु-विषयक शिक्षा और अनुसंधान विश्वविद्यालय (मेरू) स्थापित करने पर प्रोत्साहन नीति का लाभ।
- उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम में महत्वपूर्ण संशोधन।

**गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का हब**

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का प्रदेश में कुशलता से अनुपालन।
- अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त निजी विश्वविद्यालय प्रदेश में स्थापित एवं AI आधारित पढ़ाई की सुविधा।
- आगरा, झांसी, लखनऊ, गोण्डा एवं अयोध्या में विशेष शैक्षिक क्षेत्र (SEZ) स्थापित करने की योजना।
- 'मुख्यमंत्री शिक्षुता प्रोत्साहन योजना' अंतर्गत डिप्लोमा एवं स्नातक उत्तीर्ण प्रशिक्षु को केंद्र सरकार की मासिक प्रतिपूर्ति के साथ राज्य सरकार द्वारा ₹1000 प्रति माह की आर्थिक सहायता।
- समर्थ पोर्टल से सभी विश्वविद्यालयों को जोड़ने की प्रक्रिया गतिमान।
- देश के प्रथम 100 विश्वविद्यालयों में पहली बार प्रदेश के 03 विश्वविद्यालय।
- PM-USHA द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता व शोध, अवस्थापना सुविधाओं के विस्तार, लैब एवं स्मार्ट क्लासेज की स्थापना के लिए ₹965 करोड़ का अनुदान, जो देश में सर्वाधिक है।
- राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के 776 समझौते।
- कई वर्षों बाद विश्वविद्यालयों में दीक्षान्त समारोह का आयोजन।





**गुणवत्ता में क्रांतिकारी छलांग**

| मूल्यांकन | ग्रेड | राज्य विश्वविद्यालय | निजी विश्वविद्यालय |
|---|---|---|---|
| UGC | ग्रेड वन | 03 | - |
| NAAC (नैक) | A++ | 06 | - |
| | A+ | 02 | 07 |
| | A | 01 | 04 |
| | B+ | 03 | 01 |
| | B | 01 | 01 |
| QS एशिया में रैंकिंग | - | 06 | 03 |
| QS वर्ल्ड सस्टेनेबिलिटी रैंकिंग | - | 02 | - |

NIRF - उत्तर प्रदेश में 7 उच्च स्तरीय संस्थानों को NIRF में पहली बार स्थान

**रोजगार की राह**

- नवनिर्मित राजकीय महाविद्यालयों में 2,556 पद सृजन की कार्यवाही प्रक्रियाधीन।
- राजकीय महाविद्यालयों में 801 प्रवक्ताओं की नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण।
- 120 प्रवक्ताओं की पदस्थापना की प्रक्रिया पूर्ण और 562 प्रवक्ताओं के पदों पर चयन प्रक्रिया प्रारम्भ।
- अशासकीय सहायता प्राप्त (एडेड) महाविद्यालयों में 2002 प्रवक्ताओं की नियुक्ति।
- एडेड महाविद्यालयों में वर्ष 2012 से बाधित तृतीय श्रेणी के 227 पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया प्रारम्भ।
- अल्पसंख्यक महाविद्यालयों में 158 पदों पर शिक्षकों की नियुक्तियां
- नवस्थापित निजी विश्वविद्यालयों में भी रोजगार के अपार अवसर।
- राजकीय महाविद्यालयों में 270 प्रोफेसर के पदों पर एवं 240 एसोसिएट प्रोफेसर के पदों पर पदोन्नति प्रक्रिया पूर्ण।
- अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों में 2407 प्रोफेसर के पदों पर एवं 205 एसोसिएट के पदों पर पदोन्नति पूर्ण।
- राज्य विश्वविद्यालयों में 04 कुलसचिव एवं 38 सहायक कुलसचिव के पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया प्रारम्भ।

**उच्च शिक्षा में तकनीक का प्रयोग**

- समस्त विश्वविद्यालयों की डिग्री एवं मार्कशीट की ऑनलाइन व्यवस्था।
- राजकीय महाविद्यालयों में 200 स्मार्ट क्लासेस प्रारंभ।
- 171 राजकीय महाविद्यालयों में (24x7) ई-लर्निंग पार्क की स्थापना।
- सेंटर ऑफ एक्सीलेंस योजना हेतु राजकीय विश्वविद्यालयों को विशेष अनुदान।
- दूरस्थ अंचलों में स्थित 120 महाविद्यालयों के पुस्तकालयों को उच्चीकृत करने की प्रक्रिया प्रारंभ।
- सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय में ऑनलाइन संस्कृत प्रशिक्षण केंद्र (कर्मकांड, ज्योतिष, वास्तु शास्त्र आदि)।
- स्मार्टफोन/टैबलेट वितरण, ई-कॉन्टेंट, ई-लर्निंग, स्मार्ट क्लासेज, स्मार्ट लैब्स, डिजिटल लाइब्रेरी, 134 विषयों के 77,000 से अधिक ई-कॉन्टेंट।

**विश्वविद्यालय/महाविद्यालयों के संचालन संबंधी कार्य में सुधार**

• प्रदेश के समस्त विश्वविद्यालयों हेतु एकल शैक्षिक कैलेंडर जारी करते हुए सेमेस्टर और परीक्षा प्रणाली में सुधार • विभिन्न पाठ्यक्रमों हेतु परीक्षा शुल्क निर्धारित • नकलविहीन परीक्षा कराने हेतु सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग • रोजगारपरक/कौशल विकास संबंधी पाठ्यक्रम के संचालन हेतु राज्य विश्वविद्यालयों को निर्देश • बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी को बी.एड. पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षा को शुचितापूर्ण ढंग से कराने में सफलता • लम्बे अंतराल के बाद विश्वविद्यालयों में कार्यरत 35 कार्यालय अधीक्षक सहायक रजिस्ट्रार पद पर पदोन्नत

**योगेन्द्र उपाध्याय,** मंत्री, उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश | **रजनी तिवारी,** राज्य मंत्री, उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश

उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश




## उठते सवाल

देशभर के 13 राज्यों के टोल बूथों से 120 करोड़ रुपए के घोटाले के खुलासे ने हर किसी को सोचने पर मजबूर कर दिया है। हैरत की बात यह है कि यह खेल पिछले दो साल से हो रहा था लेकिन जिम्मेदारों को इसकी भनक तक नहीं लगी। इतने बड़े पैमाने पर टोल प्लाजा के कंप्यूटरों में एनएचएआई के सॉफ्टवेयर जैसा दूसरा सॉफ्टवेयर इंस्टॉल करने जैसी करतूत मिलीभगत के बिना संभव नहीं है। वह भी तब, जब टोल प्लाजा एनएचएआई के तकनीकी विशेषज्ञों की निगरानी में रहते हैं और चौबीसों घंटे सभी टोल प्लाजा सेंट्रल सर्वर से जुड़े रहते हैं।

एसटीएफ ने जिन लोगों को गिरफ्तार किया वे भी सीधे–सीधे टोल प्लाजा से ही जुड़े हैं। बिना फास्ट टैग के टोल से गुजरने वाले वाहनों से दोगना टोल वसूलने का प्रावधान है। इस रकम का 50 फीसदी टोल राशि वसूलने वाली निजी कंपनी या ठेकेदार को मिलता है। शातिर दिमाग की उपज देखिए कि जिस सॉफ्टवेयर से यह टोल वसूला जाता था, उसमें पूरा पैसा निजी कंपनी या ठेकेदार हजम कर रहे थे। खास बात यह भी कि इस सॉफ्टवेयर से निकाली गई टोल टैक्स की पर्ची हूबहू एनएचएआई जैसी ही होती थी। एनएएचआई को शक न हो इसलिए बिना फास्ट टैग के गुजरने वाले वाहनों में से केवल 5 फीसदी को ही एनएएचआई सॉफ्टवेयर पर बुक किया जाता। आइटी और अन्य कर्मियों के बीच इस राशि को बांटा जाता था। इस घोटाले के मुख्य आरोपी ने 42 टोल प्लाजा पर यह सॉफ्टवेयर आखिर कैसे इंस्टॉल किया होगा? जिन 42 टोल प्लाजा पर सॉफ्टवेयर इंस्टॉल किया उसके सॉफ्टवेयर से प्रतिदिन एक टोल प्लाजा पर 45 हजार रुपए का गबन होता है। इस प्रकार दो साल में इस गैंग ने अनुमानित 64.80 अरब रुपए से अधिक का गबन किया है। अभी देशभर के 158 टोल प्लाजों की जांच बाकी है। मोटे अनुमान के अनुसार अब यह घोटाला 200 अरब से ऊपर का हो सकता है।

सिस्टम में सेंध लगाकर करोड़ों–अरबों की ठगी से सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचाने वालों ने यह दुस्साहस दिखा दिया है कि सरकारी संस्थानों के बड़े–बड़े आइटी एक्सपर्ट्स की सतत निगरानी को भी वे धता बता सकते हैं। साइबर ठग हो या सरकारी कोष में पहुंचने वाली रकम को अपने खाते में पहुंचाने वाले, सब एक तरह से सिस्टम को चुनौती देते ही नजर आते हैं। बड़ी वजह यह भी है कि सतर्कता उपायों को मजबूत करने के बजाए ऐसी घटनाएं सामने आने पर ही समाधान का रास्ता निकालना शुरू होता है। सतर्कता कम और लापरवाही ज्यादा हो तो इस तरह के घोटालों को रोकना मुश्किल होने लगेगा।

## हौंसले बुलन्द

पिछले कुछ सालों में पुलिस–प्रशासन के लिए सबसे बड़ी समस्या बन कर उभरा बजरी और अन्य खनिजों का अवैध खनन सरकार के विशेष अभियानों के बावजूद थम नहीं रहा है।

धौलपुर में रात को नाकाबंदी कर रहे पुलिसकर्मी पर बजरी माफियाओं ने फायरिंग कर दी। बारां के मांगरोल में बजरी लेकर ट्रैक्टर चालक से वसूली को लेकर आधा दर्जन लोगों ने सरेराह मारपीट की। ये सिर्फ बानगी है। प्रदेश में बजरी माफियाओं के हौंसले बुलन्द है। पिछले कुछ सालों में पुलिस–प्रशासन के लिए सबसे बड़ी समस्या बन कर उभरा बजरी और अन्य खनिजों का अवैध खनन सरकार के विशेष अभियानों के बावजूद थम नहीं रहा है। कहने को तो पूरे प्रदेश में कई बार विशेष अभियान चलाए गए।

राजस्व, पुलिस, खनन,परिवहन और वन विभाग को संयुक्त टीमें बनाई गई, लेकिन ये अभियान कागजी ही साबित हुए। फौरी कार्रवाई कर अभियान की इतिश्री कर ली गई। बूंदी जिले में बजरी के अवैध खनन और परिवहन को लेकर हाइकोर्ट इतना नाराज हुआ कि उसे सारे मामले की जांच सीबीआई से कराने के निर्देश देने पड़े। प्रदेश में अवैध खनन के खिलाफ अभियान और कार्रवाई औपचारिकता से आगे बढ़ ही नहीं पा रहा। पिछले कुछ सालों में पनपे बजरी माफिया व दूसरे अवैध खनन करने वाले बेखौफ होकर सरकारी राजस्व को चपतलगा रहे हैं। इसमें सरकारी कारिंदों की मिलीभगत भी आ रही है।बजरी लेकर दिन रात सड़कों पर दौड़ते ट्रैक्टर–ट्रॉली, ट्रक, डंपर, ट्रेलर आदि को देखकर लगता नहीं।

# आतंकवाद वर्तमान विश्व की एक बड़ी समस्या

बलबीर पुंज

एक हालिया पॉडकास्ट में बात करते हुए शिंदे ने कहा, उस समय रिकॉर्ड पर जो आया था, उन्होंने वही कहा था। यह उनकी पार्टी (कांग्रेस) ने उन्हें बताया था कि भगवा आतंकवाद हो रहा। उस समय पूछा गया था तो बोल दिया था भगवा आतंकवादज् यह गलत था। इसी पॉडकास्ट में शिंदे, दिसंबर 2001 के संसद आतंकवादी हमले के दोषी और फांसी पर लटकाए जा चुके जिहादी अफजल गुरु को आतंकी कहने से बचते भी नजर आए।

मिथक हिंदूध्भगवा आतंकवादध्य सिद्धांत कितनी बड़ी साजिश थी, उसका फिर खुलासा पूर्व केंद्रीय गृहमंत्री सुशील कुमार शिंदे के एक दावे से हो जाता है। एक हालिया पॉडकास्ट में बात करते हुए शिंदे ने कहा, उस समय रिकॉर्ड पर जो आया था, उन्होंने वही कहा था। यह उनकी पार्टी (कांग्रेस) ने उन्हें बताया था कि भगवा आतंकवाद हो रहा। उस समय पूछा गया था तो बोल दिया था भगवा आतंकवादज् यह गलत था। इसी पॉडकास्ट में शिंदे, दिसंबर 2001 के संसद आतंकवादी हमले के दोषी और फांसी पर लटकाए जा चुके जिहादी अफजल गुरु को आतंकी कहने से बचते भी नजर आए।

यह किसी से छिपा नहीं है कि कांग्रेस में पार्टी का अर्थ गांधी परिवार (सोनिया–राहुल–प्रियंका) है। यह चिंतन उस मानसिकता की उपज है, जिसमें इस्लामी आतंकवाद को प्रत्यक्ष–परोक्ष रूप से जायज ठहराने के लिए हिंदू आतंकवादध्य रूपी छलावा खड़ा किया गया था। इस साजिश में वामपंथियों और कट्टरपंथी मुस्लिमों के साथ कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व भी शामिल था।

शिंदे के हालिया कबूलनामे से वह कड़वा सच भी एकाएक ध्यान में आता है कि ज्ञान–विज्ञान और पराक्रम जैसे गुणों से सुशोभित होते हुए भी भारत मध्यकाल में लगभग 600 वर्षों तक मुस्लिम और फिर 200 सालों तक अंग्रेजों के अधीन क्यों हो गया था। इतिहास साक्षी है कि यदि व्यक्तिगत खुन्नस के कारण जयचंद, पृथ्वीराज चौहान को धोखा नहीं देता, तो विदेशी आक्रांता मुहम्मद गौरी नहीं जीतता। इसी तरह यदि शाह वलीउल्लाह मराठाओं के खिलाफ अफगान अब्दाली को भारत नहीं बुलाता और प्लासी की लड़ाई में मीर जाफर यदि सिराजुद्दौला को न छलता, तो भारत में अंग्रेजी साम्राज्य संभवतरू स्थापित ही नहीं होता। कांग्रेस नीत यूपीए (वर्तमान आईएनडीआईए) कार्यकाल में उसी काले इतिहास को दोहराया गया था।

व्यक्तिगत, राजनीतिक और वैचारिक विरोध के चलते हिंदूध्भगवा आतंकवादध्य शब्दावली की रचना कर दुनिया में भारत, हिंदू समाज, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, भाजपा और अन्य संगठनों को कलंकित करने का जाल बुना गया। इसकी जड़े 1993 के मुंबई श्रृंखलाबद्ध (12) बम धमाके में मिलती है, जिसमें 257 निरपराध मारे गए थे। तब महाराष्ट्र के तत्कालीन कांग्रेसी मुख्यमंत्री शरद पवार ने आतंकियों की मजहबी पहचान और उद्देश्य से ध्यान भटकाने हेतु झूठ गढ़ दिया कि 13वांध्य धमाका मस्जिद के पास हुआ था। यह प्रत्यक्ष–परोक्ष रूप से हिंदुओं को आतंकवाद से जोडने का प्रयास था। इसी चिंतन को यूपीए–काल (2004–14) में राहुल गांधी के साथ पी।चिदंबरम और सुशील कुमार शिंदे ने बतौर केंद्रीय गृहमंत्री आगे बढ़ाया था।

हद तो तब हो गई, जब कांग्रेसी नेता दिग्विजय सिंह ने वर्ष 2008 के भीषण मुंबई 26ध11 आतंकवादी हमले के पीछे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का हाथ बता दिया। यहां तक, दिग्विजय ने इसी हमले में जिहादियों की गोलियों के शिकार हुए मुंबई आतंक निरोधक दस्ते के तत्कालीन प्रमुख



हेमंत करकरे की मौत को हिंदूवादी संगठनों से जोडने का प्रयास किया था। इस संबंध में तब पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा हाथों में पवित्र कलावाध मौली को आधार बनाकर कई समाचारपत्रों में आलेख तक प्रकाशित हुए थे। सोचिए, यदि आतंकी कसाब और डेविड हेडली (दाऊद सैयद गिलानी) के जीवित नहीं पकड़े जाते, तो क्या होता?

वास्तव में, यह हिंसा–घृणा के पीडिध्तों को अपराधीध्य और दोषियों को मासूमध्य बताने की सेकुलरवादीध्य (लेफ्ट–लिबरलध्य सहित) साजिश है। 14 फरवरी 1998 को कोयंबटूर में श्रंखलाबद्ध 12 बम धमाकों हुए थे, जिसमें 58 बेकसूरों की मौत हो गई। आतंकवादियों का मुख्य निशाना भाजपा के शीर्ष नेता लालकृष्ण आडवाणी थे, जिन्हें तब चुनाव प्रचार के हेतु कोयंबटूर आना था। परंतु विमान परिचालन में देरी से उनकी जान बच गई। तब कांग्रेस के तत्कालीन शीर्ष नेतृत्व ने न केवल इन बम धमाकों का आरोप संघ पर लगा दिया, बल्कि यहां तक कह दियाकृ अगर बम भाजपा के अलावा किसी और ने लगाया होता, तो ऐसा करने वाले ने निश्चित रूप से आडवाणी को मार देते। इसी मामले में अदालत द्वारा सैयद अहमद बाशा, फखरुद्दीन, इमाम अली आदि दोषी ठहराए गए थे।

प्रधानमंत्री मोदी के दानवीकरण हेतु इस कुनबे ने फरवरी 2019 के भीषण पुलवामा आतंकवादी हमले, जिसमें 40 सुरक्षाबलों का बलिदान हुआ थाकृ उसे भाजपा द्वारा प्रायोजितध्य बताने का प्रयास किया था। ऐसा ही जहरीला नैरेटिव 27 अक्टूबर 2013 को बिहार के पटना में हुए सिलसिलेवार बम धमाकों में भी बनाया गया था। तब प्रसिद्ध गांधी मैदान में उस समय 5 धमाके किए गए थे, जब गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार नरेंद्र मोदी (वर्तमान प्रधानमंत्री) लगभग तीन लाख की जनसभा को संबोधित कर रहे थे। तब तत्कालीन सत्तारुढ़ कांग्रेस के बड़े नेताओं ने प्रत्यक्ष–परोक्ष रूप से धमाकों के लिए भाजपा को कटघरे में खड़ा कर दिया था। इसी मामले में अदालत ने हैदर अली, नुमान अंसारी, मोजिबुल्लाह, इम्तियाज आलम आदि को दोषी पाया था।

इसी कुनबे ने यह भी आरोप लगाया था कि प्रधानमंत्री मोदी बीता लोकसभा चुनाव जीतने के लिए अयोध्या स्थित राम मंदिर पर पुलवामा जैसा आतंकवादी हमला करा सकते है। वास्तव में, यह नैरेटिव 500 वर्ष पश्चात पुनर्निर्मित राम मंदिर पर प्रबल संभावित जिहादी हमले होने की स्थिति में न केवल हिंदुओं को लांछित करने, अपितु असली दोषियों को मासूम बताने के अग्रिम उपक्रम का भाग है। यह कोई पहली बार नहीं है। भड़काऊ भाषणों के लिए कुख्यात और आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने के आरोपी अब्दुल नासिर मदनी को जेल से बाहर निकालने हेतु वर्ष 2006 में होली की छुट्टियों के दिनकृ 16 मार्च को केरल विधानसभा में विशेष सत्र बुलाकर कांग्रेस और वामपंथियों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया था। ऐसी ही हमदर्दी यह समूह इशरतजहां, याकूब मेमन, अफजल गुरु, बुरहान वानी और आदिल अहमद डार जैसे घोषित आतंकवादियों के प्रति भी दिखा चुका है।

आतंकवाद वर्तमान विश्व की एक बड़ी समस्या है और भारत सदियों से इसका शिकार। इसके खिलाफ सभ्य समाज को हर हाल में लड़ाई को जीतनी होगी। यदि हम इसी तरह आतंकवाद के वास्तविक पीडिध्तों को ही अपराधीध्य बताते रहे, तो क्या हम इसके असली गुनाहगारों को सुरक्षित मार्गध्य प्रदान नहीं कर रहे? ऐसी स्थिति में क्या भारत, आतंकवाद के खिलाफ जारी लड़ाई जीत सकता है?

# स्तुति, प्रार्थना, उपासना श्रेष्ठ

अशोक प्रवृद्ध

यह मानव का आदि सनातन मन है कि उसके मन में गलत, अधर्म, पाप, अपराध कर्म अथवा आचरण करते समय जाने –अनजाने ही ईश्वर का स्मरण अवश्य आता है, परंतु वह उसे भूलकर अथवा नकारकर अपना कर्म कर ही बैठता है। ईश्वर के सर्वत्र व्याप्त, सबकी बात को, सबके कर्म को देखने, सुनने संबंधी अर्थात परमेश्वर के यथार्थ दर्शक, यथार्थ श्रोता होने संबंधी मत को मानने वाले मानव के इस सनातन मन के समान ही वेद में भी परमेश्वर को यथार्थ श्रोता कहा गया है।

व्यकित के कर्म को ईश्वर अवश्य ही देख रहा है, सुन रहा है। यह बात मानव मन में बैठी हुई है। यह मानव का आदि सनातन मन है कि उसके मन में गलत, अधर्म, पाप, अपराध कर्म अथवा आचरण करते समय जाने –अनजाने ही ईश्वर का स्मरण अवश्य आता है, परंतु वह उसे भूलकर अथवा नकारकर अपना कर्म कर ही बैठता है। ईश्वर के सर्वत्र व्याप्त, सबकी बात को, सबके कर्म को देखने, सुनने संबंधी अर्थात परमेश्वर के यथार्थ दर्शक, यथार्थ श्रोता होने संबंधी मत को मानने वाले मानव के इस सनातन मन के समान ही वेद में भी परमेश्वर को यथार्थ श्रोता कहा गया है।

वैदिक मान्यतानुसार परमेश्वर सबकी स्तुतियों, प्रार्थनाओं, याचनाओं को यथार्थ रूप में सुनता है। इसलिए वैदिक ग्रंथों में परमेश्वर को व्यापक, अंतर्यामी यथार्थ श्रोता कहा गया है। जीवात्माओं को तो शरीर, ज्ञानेन्द्रियां, कर्मेन्द्रियां और अन्तरूकरण चतुष्टय प्राप्त हैं, जिनके माध्यम से जीवात्मा अपना सब व्यवहार सम्पादित करता है, परंतु परमेश्वर को जीवात्मा के समान शरीरादि की आवश्यकता नहीं है। वह तो इन साधनों के बिना सब कार्य बड़ी कुशलता से निष्पादित करता है, क्योंकि वह अशरीरी अर्थात निराकार, सर्वज्ञ, सर्वव्यापक सर्वान्तर्यामी तथा परमैश्वर्यवान है।

वह व्यापक और सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान होने से सब कुछ देखता, सुनता, जानता है। इसके लिए मुण्डकोपनिषद् में एक वचन है– यत्तदद्‌दृश्यम्। अर्थात– वह अदृश्य, निराकारादि स्वरूप वाला है। यत्तदद्‌दृश्यम् अर्थात उस ब्रह्मा का ज्ञानेन्द्रियों से ग्रहण नहीं होता, हस्त से पकड़ा नहीं जा सकता, उसका कोई गोत्र वा वर्ण नहीं, वह नेत्र और कर्णरहित है, उसके हाथ और पाँव नहीं, वह नित्य है, व्यापक है, सर्वान्तर्यामी है, सुसूक्ष्म है, नाशरहित है। इससे स्पष्ट है कि परमेश्वर निराकार, चक्षुरादि इन्द्रियरहित होने पर भी सबका दृष्टा, श्रोता है, क्योंकि वह सर्वगत अर्थात सर्वत्र व्याप्त होने से सब कुछ देखता सुनता व जानता है।

बृहदारण्यकोपनिषद् में अस्थूलम् अनणु, अचक्षुम्, अश्रोत्रम् आदि विशेषणों से युक्त करते हुए महर्षि याज्ञवल्क्य अपनी पत्नी गार्गी से उस अक्षर ब्रह्म के विषय अचक्षुकम् का अभिप्राय स्पष्ट करते हैं कि वह अविनाशी, सर्वज्ञ अक्षर ब्रह्मं चक्षुरादि इन्द्रियों से भिन्न होने से अचक्षुकम् कहा है। वह सर्वगत (व्यापक) होने से बिना चक्षु के सब कुछ देखता है। चक्षु का अर्थ स्पष्ट करते हुए स्वामी दयानन्द सरस्वती ने पंचमहायज्ञ विधि में लिखा है –

एष एवैतेषां प्रकाशकलात् बाह्याभ्यन्तरयोरू।
चक्षुरू चक्षुरू सर्वदृक।।

अर्थात– वह परमात्मा बाहर और अन्दर सबका द्रष्टा है।

विश्वतश्चक्षुरू पद का अर्थ करते हुए महर्षि दयानन्द ने लिखा है –
सर्वस्मिञ्जगति चक्षुर्दर्शनं यस्य सरू।

अर्थात– सब जगत् पर चक्षु–दृष्टि रखने वाला है।

परमेश्वर के कर्तृत्व को समझाते हुए स्वामी दयानन्द सरस्वती ने सत्यार्थ प्रकाश में श्वेताश्वेतर उपनिषद का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए लिखा है– अपाणिपादो जवनोग्रहीता पश्यत्यचक्षुरू स शृणोत्यकणर्रू। स वेत्ति विश्वं न च तस्यास्ति वेत्ता तमाहुरग्रं पुरुषं पुराणम्।। –श्वेताश्वेतर उपनिषद 3ध19 अर्थात– परमेश्वर के हाथ नहीं, परन्तु अपने शक्तिरूप हाथ से सब रचन, ग्रहण करता, पग नहीं, परन्तु व्यापक होने से सबसे अधिक वेगवान, चक्षु का गोलक नहीं, परन्तु सबको यथावत देखता, श्रोत्र नहीं तथापि सबकी बात सुनता, अन्तरूकरण नहीं परन्तु सब जगत को जानता है और उसको अवधि सहित जानने वाला कोई भी नहीं। उसी को सनातन, सबसे श्रेष्ठ, सबमें पूर्ण होने से पुरुष कहते हैं। वह इन्द्रियों और अन्तरूकरण से होने वाले काम अपने सामर्थ्य से करता है। वैदिक मतानुसार लोगों के दूर अथवा निकट में यथार्थ सत्यासत्य को सुनने वाले विज्ञान स्वरूप अन्तर्यामी जगदीश्वर के क्रियामय यज्ञ संबंधी ज्ञान प्राप्त कराने वाले मंत्रों को अच्छी प्रकार जानकर मनुष्यों को नित्य उच्चारण व चिंतन मनन करने, विचार करने का आदेश देते हुए स्वयं परमात्मा ने यजुर्वेद 3ध11 में कहा है –

# प्रबंधकों के सामने एक कठिन चुनौती

वित्तीय बाजारों की चमक ही एकमात्र पहलू है, जिस पर भारत के आर्थिक उदय का सारा कथानक टिका हुआ है। वरना, निवेश–उत्पादन–वितरण की वास्तविक अर्थव्यवस्था किसी कोण से चमकती नजर नहीं आती। अब वित्तीय बाजारों पर भी ग्रहण के संकेत हैं।

अक्टूबर में विदेशी पोर्टपोलियो निवेशकों (एफपीआईज) ने भारतीय बाजारों से लगभग 94,000 करोड़ रुपये निकाल लिए। यह अभूतपूर्व है। इसके पहले किसी एक महीने में एफपीआईज ने इतनी बड़ी निकासी नहीं की थी। कोरोना महामारी ने जब दस्तक दी थी, तब मार्च 2020 में इन निवेशकों ने 61,973 करोड़ रुपये निकाले थे, जो अब तक का रिकॉर्ड था। ताजा निकासी का नतीजा हुआ कि अक्टूबर में भारतीय शेयर बाजार सूचकांक में आठ प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई। लाजिमी है कि इस घटनाक्रम ने भारत के वित्तीय प्रबंधकों की चिंता बढ़ाई है। आखिर, वित्तीय बाजारों की चमक ही एकमात्र पहलू है, जिस पर भारत के आर्थिक उदय का सारा कथानक टिका हुआ है। वरना, निवेश–उत्पादन–वितरण की वास्तविक अर्थव्यवस्था किसी कोण से चमकती नजर नहीं आती।

उलटे अब तो केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने भी उपभोग एवं मांग गिरने की हकीकत को मान लिया है। अक्टूबर में वास्तविक अर्थव्यवस्था से जुड़े कारोबारी और यहां तक कि वित्तीय अखबार भी यह कहने को मजबूर हुए कि भारत में मध्य वर्ग सिकुड़ रहा है। जबकि दुनिया में जो भी देश विकसित हुए है, उनकी आर्थिक समृद्धि मध्य वर्ग के विस्तार पर टिकी रही है। भारत में अब सामने यह है कि एकमात्र चमकते पक्ष पर भी ग्रहण लग रहा है। जानकारों ने इसके दो कारण बताए हैं। पहला यह कि भारतीय शेयर ओवरवैल्यूड हैं– यानी उनकी स्वाभाविक कीमत जितनी होनी चाहिए, उससे ज्यादा कर दी गई है।

दूसरा, यह कि चीन प्रोत्साहन पैकेज देकर अपने शेयर बाजारों को संभाल रहा है, जिससे विदेशी निवेशकों को वहां पैसा लगाना ज्यादा फायदेमंद दिखने लगा है। नतीजतन, वे शेयर बाजार के अलावा ऋण बाजार से भी लगभग साढ़े चार हजार करोड़ रुपए निकाल कर ले गए। अब निगाहें इस पर टिकी हैं कि क्या इस महीने या आने वाले महीनों में ट्रेंड पलटता है। ऐसा नहीं हुआ, तो खासकर 2020 के बाद से शेयर बाजारों में बढ़ती गई चमक को बनाए रखना लगभग असंभव हो जाएगा। छोटे निवेशकों को इस क्रम में जो नुकसान हो रहा है, वह अलग है। कुल






# अपर जिलाधिकारी को भावभीनी विदाई दी गयी




प्रतापगढ़। अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा के सेवानिवृत्त के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी, मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, मुख्य राजस्व अधिकारी अजय तिवारी, उपजिलाधिकारीगण सहित अन्य सभी प्रशासनिक अधिकारी, अधिवक्ताओं, समाजसेवियों तथा कर्मचारियों ने एडीएम को भावभीनी विदाई दी तथा उनके अनुभव, कार्य कुशलता तथा हंसमुख व्यवहार व व्यक्तित्व की प्रशंसा की तथा उनके सुखमय व खुशहाल जीवन की कामना की।

इस अवसर पर जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी जी ने कहा कि अपर जिलाधिकारी आज एक जीवन के बहुत ही महत्वपूर्ण चरण में प्रवेश कर रहे है क्योकि जो सेवा में आया है वह एक न एक दिन सेवानिवृत्त अवश्य होगा। उन्होने कहा कि अपर जिलाधिकारी से मेरा पहले से ही जुड़ाव रहा है जब मैं जिलाधिकारी झांसी था उस समय आप सचिव विकास प्राधिकरण में थे, उस समय से एडीएम के साथ अच्छे और मधुर सम्बन्ध रहे है। उन्होने कहा कि अपर जिलाधिकारी के सामने चाहे जैसी भी परिस्थितियॉ आयी इन्होने उन परिस्थितियों से लड़ते हुये बहुत ही शानदार कार्य किया और बहुत ही शानदार कैरियर के बाद आज अपनी अधिवर्षता की आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो रहे है। उन्होने कहा कि श्रेष्ठ लोग जो आचरण करते है और श्रेष्ठ लोग जो प्रमाण देते है उसी का सारे लोग अनुश्रवण करते है। अपर जिलाधिकारी ने जो अपने जीवन एवं कैरियर के माध्यम से जो प्रेरणा दी है निःसन्देह लोग उससे प्रेरणा लेगें और लाभान्वित होगें तथा अच्छा कार्य करने की दिशा में अग्रसर होगें। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उनके अच्छे स्वास्थ्य व सुखमय जीवन की कमाना की। मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा ने कहा कि अपर जिलाधिकारी एक सरल स्वभाव के अधिकारी रहे है, बेहतर सामंजस्य के साथ मिलकर कई कठिन व चुनौतीपूर्ण कार्यो को बड़ी आसानी से समाधान किया गया। सेवानिवृत्त के दौरान अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा ने कहा कि जनपद से जो मुझे ढेर सारा प्यार और स्नेहा मिला है उसे मैं कभी भुला नहीं पाऊंगा। उन्होने समस्त अधिकारियों से कहा कि अपने कार्यो को निष्ठापूर्वक सेवा भाव से कार्य करें। किसी भी कार्य का अतिरिक्त प्रेशर न लें, कार्यो के निष्पादन के लिये अपने उच्च अधिकारियों से सलाह अवश्य लें। विदाई समारोह में एडीएम को स्मृति चिन्ह भेंटकर तथा फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

## योजनाओं के प्रगति के बारे में बैठक कर ली जानकारी

मीरजापुर। मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर निदेशक स्वास्थ्य, संयुक्त निदेशक, मण्डलीय कार्यक्रम, लेखा प्रबन्धक एवं अन्य मण्डलीय टीम के साथ मण्डल के समस्त मुख्य चिकित्सा अधिकरी एवं अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहें। समीक्षा बैठक का आरम्भ विगत बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन पर चर्चा से की गई। बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से आच्छादित विभिन्न कार्यक्रमों जैसे वितीय प्रगति समीक्षा, एचएमआईएस कार्यक्रम की समीक्षा, कम्युनिटी प्रोसेस कार्यक्रम की समीक्षा, शहरी स्वास्थ्य मिशन कार्यकम की समीक्षा एवं क्वालिटी एश्योरेंश कार्यक्रम की समीक्षा के साथ ही यूनिसेफ एवं अन्य सहयोगी संस्था समर्थित कार्यक्रमों की समीक्षा भी की गई। समीक्षा बैठक में मण्डलायुक्त द्वारा समस्त कार्यक्रमों की गहन समीक्षा करते हुए, अगले 2 माह हेतु माइक्रोप्लान तैयार कर भौतिक एवं वित्तीय प्रगति प्राप्त करने के निर्देश दिया साथ ही मण्डलायुक्त द्वारा निर्माण कार्यो की प्रगति हेतु कार्यदायी संस्थाओं के साथ बैठक कर समीक्षा किये जाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि सर्दियों के मौसम के दृष्टिगत समस्त औषधियां, मेडिकल उपकरण, हीटर आदि की वार्डो में समुचित व्यवस्था कराना सुनिश्चित करे, जिससे मरीजो को कोई असुविधा न हो।

## डीएम–एसपी ने रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

मीरजापुर(आरएनएस )। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा ने मीरजापुर रेलवे स्टेशन, विन्ध्याचल, विन्ध्यवासिनी देवी परिक्रमा पथ, एवं पुरानी वीआईपी का भ्रमण कर निरीक्षण के पश्चात मीरजापुर स्टेशन अधीक्षक के कक्ष में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक भी की गई। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रयागराज से काफी संख्या में लोग आ रहे अतएव सभी को सुरक्षित उनके गंतव्य तक पहुंचाया जाए। सहायक सम्भागीय ने जिलाधिकारी को बताया कि 39 प्राइवेट बसे, 51 रोडवेज की बसे एवं जीप व टैक्सी के माध्यम से उचित किराए उन्हे भेजा रहा है। उन्होंने बताया कि अब तक सोनभद्र, वाराणसी एवं मध्य प्रदेश के रीवा के लोगो को भेजा जा चुका हैं। जिलाधिकारी ने सहायक सम्भागीय पविहन अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि रेलवे स्टेशन के दोनो निकास द्वारो आस पास जहां पर पार्किंग की व्यवस्था हो वहां पर बसे, टैक्सी लगवाए ताकि प्रयागराज से आने वाले दर्शनार्थियों को बिना किसी समस्या के अपने घरो को जा सकें। उन्होंने कहा कि बीच–बीच में कौन सी बस कहा जाएगी इसका भी एनांउमेंट कराते रहें। उन्होंने अपर जिलाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि लेखपालों वालंर्टियरों की ड्यूटी लगाए एवं यह सुनिश्चित कराएं कि आने वाले श्रद्धालुओं को कहां जाने के लिए कौन सी बस कहां लगी है इसकी जानकारी लोगो को प्रदान करें। जिलाधिकारी द्वारा स्टेशन मीरजापुर को निर्देशित किया गया कि बिहार व प्रयागराज जाने वाली सभी ट्रेनो की समय सारणी उपलब्ध कराएं एवं बीच–बीच में एनांउमेट भी कराते रहें। उन्होंने सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि रीवा व सोनभद्र जाने वाले मुख्य चौराहो पर मार्गो से सम्बन्धित होर्डिग लगवाए। विन्ध्याचल रेलवे स्टेशन पहुंचने पर जिलाधिकारी ने आए हुए श्रद्धालुओं से वार्ता की उनके द्वारा अलग जनपदो में जाने बताया गया, जिलाधिकारी ने स्टेशन अधीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि एक हेल्प डेस्क बनाए ताकि श्रद्धालुओं को यदि कोई जानकारी प्राप्त करनी है तो प्राप्त कर सकते हैं। तत्पश्चात जिलाधिकारी द्वारा मन्दिर पहुंचकर पुरानी वीआईपी परिक्रमा पथ का निरीक्षण किया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी शिव प्रताप शुक्ल, नमामि गंगे देवेन्द्र प्रताप सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक नक्सल ओम प्रकाश सिंह, नगर मजिस्ट्रेट लाल बहादुर सिंह, स्टेशन अधीक्षक मीरजापुर, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी एसपी सिंह सहित सभी सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

## शाखा प्रबंधको के साथ एडीजे ने की बैठक, दिए निर्देष

बाराबंकी(आरएनएस )।शुक्रवार को जिला जज के निर्देष पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीष श्री कृष्ण चन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आगामी 8 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सम्बन्ध में एक बैठक आयोजित की गयी। बैठक का उद्देष्य समस्त बैंक एवं फाइनेन्स कम्पनी के शाखा प्रबन्धकगण के साथ बकाया ऋण वसूली मामलों के निस्तारण का रहा। इस मौके पर बोलते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह द्वारा आगामी 8 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी दी गयी और राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण तथा उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी पत्रों पर चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त प्राप्त कराई गई नोटिसों का तामीला पुलिस प्रशासन द्वारा कराये जाने के भी निर्देश दिये गये। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय लोक अदालत का व्यापक प्रचार प्रसार कराने हेतु भी निर्देशित किया गया एवं सभी बैंकों को बताया गया कि अपने अपने बैंक से एनपीए हुए सभी खातों में से उक्त लोक अदालत मामले चिन्हित करें एवं नोटिस आवश्यक रूप से आगामी 15 फरवरी तक प्रेषित करें ।

# निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच व कम्बल का वितरण

कुशीनगर। जनपद के हाटा विधान सभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत लालीपार में स्वर्गीय डॉ हरिहर प्रसाद बरनवाल की पुण्य स्मृति के अवसर पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं दवाइयां और निसहाय गरीब मजदूर लोगों को बढ़ती ठंड और गलन में कम्बल वितरण किया गया। कहा जाता हैं कि मानव जीवन में किसी की मदद सेवा सच्चे मन और दिल से किया जाए तो समाज के लिए प्रेरणास्रोत बन जाता हैं। ऐसा ही हाटा विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम सभा लालीपार में बरनवाल परिवार का है जो लगातार कई वर्षों से अपने सामाजिक कार्य और निसहाय गरीब लोगों की सेवा से बढ़कर मानवता का मिसाल बन चुका है।

बता दें कि लालीपार में देवेन्द्र बरनवाल और उनकी धर्म पत्नी बिंदु देवी के द्वारा अपने पूज्य स्वर्गीय पिता डॉ हरिहर प्रसाद बरनवाल की पुण्य स्मृति में निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच एवं गरीब निसहाय परिवारों को निस्वार्थ सेवा भाव से कम्बल वितरण करके अपने पूर्वज को याद किया। जहां करीब सौ से अधिक लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच एवं दवा, चश्मा विशेषज्ञ डाक्टरों की टीम द्वारा किया गया जहां बड़ी संख्या में महिलाएं, बुजुर्गों, बच्चों नौजवान का फ्री जांच दवाईयां एवं परामर्श दिया गया। स्व डॉ हरिहर प्रसाद बरनवाल की पुण्य स्मृति कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हाटा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सुधीर राव ने कहा कि आज हमारे समाज को बरनवाल परिवार से सिख लेने की आवश्यकता है। हेतिमपुर नगर पंचायत अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि आज के समय ऐसे सामाजिक कार्य विरले देखने को मिलता है जहां लोग अपने पूर्वजों की स्मृति पुण्यतिथि में मानव समाज की सेवा करते हैं। धन्य हैं वो माता पिता जिसकी संतान ऐसे भलाई का काम निस्वार्थ भाव से कर रहे। अहिवरन समाज के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेन्द्र बरनवाल ने कहा कि बरनवाल परिवार जनों की सेवा देखकर अति प्रसन्नता हुई आप सभी को हृदय से बहुत–बहुत आभार। विहीम के जिला उपाध्यक्ष कुशीनगर प्रतीक बरनवाल ने कहा कि आप तीनों भाइयों को ज्ञानेश्वर बरनवाल,रामभजन बरनवाल ,संदीप बरनवाल ऐसे पुण्य कार्य के लिए दिल से दुआ देता हूं आपके माता पिता को बहुत–बहुत बधाई और धन्यवाद देते हैं कि ऐसे बच्चों के मां बाप आप है जो अपने जीते जी अपने दादा श्री की पुण्य तिथि पर गरीबों की मदद सेवा सच्चे मन से कर रहे हैं जब भी हमारी कही जरूरत होगी तो हम आप लोगों के साथ उपस्थित रहेंगे ।इससे पहले स्व डॉ हरिहर प्रसाद बरनवाल की पुण्य स्मृति चित्र पर मुख्य अतिथियों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया इसके बाद देवेन्द्र बरनवाल और उनकी धर्म पत्नी बिन्दु देवी ने निसहाय गरीब मजदूर लोगों को कम्बल वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन विजय यादव ने किया इस मौके पर पूर्व प्रधान लालीपार अवधेश पटेल, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि, डॉ रत्नेश सिंह, ब्रिज मिश्रा, किशन,संजीवनी, मोनू सिंह, झछ मिश्रा, अजय गुप्ता, धर्मेन्द्र बरनवाल, अजय कुमार पाण्डे, उमेश निषाद, रवि रंजन ब्रांच मैनेजर, दुर्गेश पटेल,राजन बरनवाल,राजू बरनवाल सभासद ,राज बरनवाल, देवेन्द्र पटेल प्रधान प्रतिनिधि लालीपार, रविन्द्र मल्ल ,मजहर अंसारी , नितेश बरनवाल, विशाल विश्वकर्मा , पुष्पा सिंह, रामसकल सिंह सहित बड़ी संख्या में महिलाएं बच्चे बुजुर्ग नौजवान उपस्थित रहे कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों का बरनवाल परिवार आभार व्यक्त किया।



## मण्डलीय प्रशिक्षण सम्पन्न

प्रतापगढ़। भारत सरकार के दिशा–निर्देशों के क्रम में अर्थ एवं संख्या प्रभाग, नियोजन विभाग द्वारा प्रदेश मे स्वास्थ्य का वार्षिक सर्वेक्षण किया जाना प्रस्तावित है। जिससे मेडिकल सेक्टर में राज्य स्तरीय अनुमान प्राप्त किये जायेंगे। सर्वेक्षण हेतु जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी प्रियंका सोनी एवं मण्डलीय उपनिदेशक द्वारा मण्डल में कार्यरत अपर सांख्यिकीय अधिकारियों एवं सहायक सांख्यिकीय अधिकारियों को वर्चुअल प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी प्रियंका सोनी द्वारा अवगत कराया गया कि रा0प्र0स0 80वाँ दौर का सर्वेक्षण कार्य माह जनवरी 2025 से दिसम्बर 2025 के मध्य सम्पादित किया जायेगा। प्रशिक्षण में अपर सांख्यिकीय अधिकारी पंकज शर्मा, संतोष कुमार पटेल, विजय प्रताप तथा सहायक सांख्यिकीय अधिकारी मोहन श्रीवास्तव एवं जितेन्द्र कुमार द्वारा जनपद से प्रतिभाग किया गया।

## बदमाशों ने युवक को मारी गोली

आजमगढ़। जिले के तरवां थाना क्षेत्र के कटाई गांव में बीती रात बाइक सवार बदमाशों ने युवक को गोली मार दी ।परिजन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार चल रहा है। पुलिस घटना की जांच–पड़ताल कर रही है। तरवां थाना क्षेत्र के कटाई गांव निवासी रितेश सिंह (30) पुत्र लालजी शनिवार की रात लगभग नौ बजे खाना खाने के बाद सोने जा रहा था। तभी मां ने देखा कि घर के बाहर तीन लोग बाइक लेकर खड़े हैं। मां ने बेटे रितेश को बुला कर देखने को कहा। जब रितेश सिंह बाहर जाकर देखा तो बाइक लेकर जाने लगे। थोड़ी दूर पर जाकर बाइक हौदी से टकरा गई, इससे बाइक सवार बदमाश गिर गए। रितेश पास में पहुंच पकड़ने लगा, तभी बाइक सवार ने गोली चला दी, जो रितेश के बाएं हाथ के कंधे पर लग गई। परिजन इसकी सूचना पुलिस को दिए। पुलिस मेडिकल कॉलेज चक्रपानपुर में भर्ती कराया, जहां इलाज के बाद हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सक ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। सरकारी एंबुलेंस न मिलने पर परिजन सुबह प्राइवेट एंबुलेंस से जिला अस्पताल ले आए, जहां इलाज चल रहा है।

# जागरूकता रैली को किया रवाना

कौशाम्बी ।मा0 सांसद श्री विनोद सोनकर एवं अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती कल्पना सोनकर ने स्कूल चलो अभियान एवं संचारी रोग नियन्त्रण अभियान जन–जागरूकता रैली को कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया ।इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री लाल बहादुर, जिलाधिकारी श्री सुजीत कुमार, पुलिस अधीक्षक श्री बृजेश कुमार श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार एवं जिला बेसिक शिक्षाधिकारी श्री प्रकाश सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण एवं श्री प्रेम चौधरी उपस्थित रहें।

जनपद में विशेष संचारी रोग नियन्त्रण अभियान 01 अप्रैल से 30 अप्रैल 2023 तक तथा दस्तक अभियान 17 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलाया जायेगा, जिसके अन्तर्गत जनपदवासियों को मच्छरों से बचाव एवं संक्रामक रोगों से बचाव के उपायों के विषय में जागरूक किया जायेंगा। मच्छरों से बचाव के लिए–दरवाजों व खिड़कियों पर जाली लगवानें, नियमित मच्छरदानी का प्रयोग करनें, मच्छररोधी उपाय अपनाने, अनुपयोगी वस्तुओं में पानी इकट्ठा न होने देंने, पानी की टंकी पूरी तरह से ढक कर रखनें, पूरी बॉह वाली कमीज पैन्ट और मोजे पहननें, घर और कार्य स्थल के आस–पास पानी जमा न होने देने, कूलर व गमलों आदि को साप्ताह में खाली कर सुखाने एवं गड्ढों में जहॉ पानी इकट्ठा हो, उसे मिट्टी से भर देंने आदि के प्रति जागरूक किया जायेंगा। इसी प्रकार संक्रामक रोगों से बचाव के लिए–नालियों में जल–जमाव रोकने एवं नियमित सफाई करने, जानवर बाडे घर से दूर रखने, जंगली झाड़ियों को नियमित साफ करने, चूहे/छछूंदरों से बचनें, पीने के लिए इण्डिया मार्का–2 के पानी का प्रयोग करने, खाने से पहले साबुन से हॉथ धोनें, खुले में शौच न करने तथा नियमित शौचालय का प्रयोग करने, कुपोषित बच्चों का विशेष ध्यान रखने एवं बच्चों को जे0ई0 के दोनों टीके लगवाने आदि के प्रति भी जागरूक किया जायेंगा।



# भाजपा से भी ज्यादा महान तथाकथित सेक्युलर पार्टियां

बाराबंकी(आरएनएस )।भाजपा तो सिर्फ बदनाम है धर्म आधारित राजनीति करने में तथाकथित सेक्युलर पार्टियां, तो भाजपा से भी ज्यादा महान हैं यह बात ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने अपने बयान में कही हैं उन्होंने कहाँ की वैसे देखा जाए तो पहली नजर में हम यानी खासकर पसमांदा मुसलमान सपा, बसपा, राजद, जदयू, राजभर, निषाद पार्टी जैसी पार्टियों को, सामाजिक न्याय विचारधारा वाली पार्टियां मानने की भूल कर बैठते हैं हकीकत में ये सामाजिक न्याय विचारधारा वाली पार्टियां हैं ही नहीं, बल्कि इनके लिए सबसे पहले अपनी जाति का सियासी नफा– नुकसान सर्वोपरि होता है और उसके बाद जो कुछ बचता है, उसमें तथाकथित सामाजिक न्याय के नाम पर ये सभी धर्मों के शोषितों – वंचितों, पिछड़ों, दलितों आदि सबको नहीं... बल्कि सिर्फ हिंदू पिछड़ों और दलितों को कुछ, प्रतीकात्मक राजनीतिक हिस्सेदारी जरूर दे देते हैं..? इनकी नजर में पसमांदा मुसलमान पिछड़ा या दलित नहीं.. बल्कि सिर्फ मुसलमान होता है। वैसे इन तथाकथित सभी स्वयंभू पिछड़े और दलित पार्टियों के शीर्ष नेतृत्व को बखूबी पता है कि पूरे देश के कुल–पिछड़ों (52:) में पसमांदा मुसलमान, एक चौथाई (13:) और उप्र जैसे बड़े राज्य में लगभग एक तिहाई (16:) हैं... इन्हें पसमांदा मुसलमानों को उनकी आबादी के अनुपात में, सियासी हक–हिस्सेदारी देने से इसलिए भी एतराज होता है कि पिछड़ों के नाम पर ये अब तक मिलने वाली पूरी सियासी हिस्सेदारी और रुमलाई अकेले ही खाते आए हैं.. और ये भ्रम भी फैलाने में काफी हद तक कामयाब रहे हैं कि पिछड़ा मतलब सिर्फ हिंदू पिछड़ा, दूसरा और कोई नहीं हालांकि इन्हें धर्म विशेष के नाम से यानी मुसलमान के नाम से हिस्सेदारी देने में कोई खास दिक्कत नहीं और इनकी मक्कारी भरी कोशिश यही रहती है कि मुसलमानों के नाम पर मिलने वाला, ज्यादा से ज्यादा फायदा मुस्लिम अशराफ यानी मुस्लिम सवर्ण को ही पहुंचे वैसे सबसे ज्यादा ताज्जुब तो तब होता है।

## संक्षेप

### डेंटल विषेषज्ञ रहती हैं लापता

रामसनेहीघाट बाराबंकी(आरएनएस )। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामसनेहीघाट में तैनात दंत रोग विशेषज्ञ श्वेता श्रीवास्तव की लगातार अनुपस्थित दाँत के रोगियों पर भारी पड़ती दिख रही है यहां पर आये वाले दंत रोगियों का इलाज संजय वर्मा डेंटल हाईजेनिस्ट के सहारे चल रहा है, केंन्द्र अधीक्षक डॉ अमरेश वर्मा ने मामले की जांच कर कार्यवाई की बात कही है। जानकारी के अनुसार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामसनेहीघाट में जहाँ लोगो को तमाम स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार मिलता नजर आ रहा है वही इस अस्पताल में तैनात दंत रोग विशेषज्ञ श्वेता श्रीवास्तव की अनुपस्थिति दांत के रोगियों पर भारी ओढ़ रही है, यहां पर दंत की समस्या से पीड़ित अपना इलाज कराने अस्पताल आये कपिल, शिवशंकर का कहना है कि उनके दाँत में काफी दर्द हो रहा है इलाज कराने के लिए अस्पताल में दंत रोग डॉक्टर के बारे में जानकारी की तो पता चला वह नही है जिसके कारण मजबूरन उन्हें प्राइवेट डॉक्टर से इलाज कराना पड़ा। आपको बता दे कि सीएचसी में अन्य डॉक्टरों के साथ बाल रोग विशेषज्ञ, सर्जन, दंत रोग विशेषग्य की तैनाती की गई है लेकिन अक्सर दंत रोग विशेषज्ञ अस्पताल से गायब रहती है जिससे मरीजो को सरकार की स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ नही मिल रहा है, यहां पर दाँत रोगियो का इलाज डेंटल हाइजेनिस्ट के सहारे चल रहा है। इस बारे में केंद्र अधीक्षक डॉ अमरेश वर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामले की जांच कराकर कार्यवाई की जाएगी।

### चेयरमैन के खिलाफ सभासद लामबंद

दरियाबाद, बाराबंकी(आरएनएस )।नगर पंचायत अध्यक्ष दरियाबाद की कार्यषैली से नाराज होकर वहां के सभासदों ने उनके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सभासदों ने प्रतिमाह बोर्ड की बैठक न करवाने के साथ में अभी तक विकास कार्यों का आय व्यय का ब्योरा न दिए जाने की नाराजगी भी जतायी है। सभासदों का कहना है कि नगर पंचायत अध्यक्ष को हिटलर तानाषाही का खामियाजा भुगतना पड़ेगा। बीती 25 जनवरी को नगर पंचायत टिकैतनगर के वार्ड नं–3 के सभासद मो. करीम, वार्ड नं–5 की सभासद शबीना बानो, वार्ड नं–13 के सभासद अर्बिया खातून, वार्ड नं–6 के सभासद मो. दिलदार, वार्ड नं–7 के सभासद गौस मोहम्मद, वार्ड नं–2 की सभासद कु. पिंकी, वार्ड नं–1 के सभासद निसार खान आदि सभासदों ने अधिषाषी अधिकारी दरियाबाद को एक ज्ञापन देकर यह मांग करी है कि पहले बैठक में जब यह प्रस्ताव पास हुआ था कि प्रत्येक माह के पहली 5 तारीख को बोर्ड के सदस्यों की बैठक निर्धारित थी साथ ही में यह भी प्रस्ताव पास हुआ था कि किस मद में कितना पैसा आया और कितना पैसा खर्च किया गया इसका भी लेखा जोखा बोर्ड की बैठक में रखा जाये। लेकिन अभी तक कोई भी लेखा जोखा बोर्ड की बैठक में नही रखा गया है।

### कार्यकर्ताओं का किया गया सम्मान

सिद्धौर, बाराबंकी(आरएनएस )। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जन्म शताब्दी वर्ष के तहत भाजपा मंडल सिद्धौर के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। शुक्रवार को सिद्धौर भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रवीण सिंह सिसोदिया व जिला उपाध्यक्ष बृजेश रावत ने अपनी टीम के साथ जाकर उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत के घर जाकर अंग वस्त्र पहनाकर उनको सम्मानित किया। अध्यक्ष श्री रावत ने कहा की वह भाजपा के स्थापना काल से ही जुड़े हैं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के कार्यक्रमों में भी हम शामिल होते रहते थे जनसंघ के नेता रहे भाजपा के स्थापना वर्ष के पूर्व जिला अध्यक्ष स्वर्गीय अवधेश शर्मा जी के साथ उनका कई बार सानिध्य प्राप्त हुआ इसी तरह मंडल के टिकरिया गांव जाकर पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य शिवहर्ष सिंह तिलसिया में पूर्व जिला उपाध्यक्ष बृजभान वर्मा सिद्धौर मे रामनरेश वर्मा एव रविंद्र कुमार श्रीवास्तव के घर पहुंच कर भाजपा से जुड़े वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर चेयरमैन प्रतिनिधि लल्लू रावत, प्रधान संघ अध्यक्ष सत्यनाम सिंह वर्मा गुड्डू, महामंत्री प्रमोद वर्मा, मोतीलाल रावत, डॉ राजेंद्र वर्मा, हनोमान वर्मा, रमाकांत शर्मा, बृजेंद्र सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### स्मृति में रखा गया दो मिनट का मौन

मीरजापुर(आरएनएस )। भारत के स्वतंत्रता सग्राम में अपने प्राणों की आहूति देने वाले शहीदो की स्मृति में आज आयुक्त कार्यालय सभागार में दो मिनट का मौन रखा गया। इस अवसर पर अपर आयुक्त प्रशासन डॉ विश्राम सहित आयुक्त कार्यालय सभी अधिकारी कर्मचारी व अधिवक्तागण उपस्थित रहें। कलेक्ट्रेट सभागार में डिप्टी कलेक्टर सौम्या मिश्रा व हेमंत मिश्रा तथा कलेक्ट्रेट के सभी अधिकारियों कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखा। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट के सभी अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहें।

### पांच को दी गई नोटिस, मचा हड़कंप

हलिया, मीरजापुर(आरएनएस )। उपखंड अधिकारी विद्युत वितरण उपखंड हलिया के उपखंड अधिकारी ने गुरुवार को बिना अनुमति के 11 केवी लाइन के नीचे मकान निर्माण करने वाले परसिया गांव के पांच लोगों के विरुद्ध नोटिस जारी किया है। हलिया क्षेत्र के परसिया गोकुल गांव में पांच लोग बिना परमिशन लिए बिजली के 11 केवी लाइन के नीचे वैधानिक रूप से मकान का निर्माण कर रहे थे,जिन्हें भारतीय विद्युत अधिनियम 1965 की धारा 79 एवं 82 के अधीन अवैध कार्य मानते हुए नोटिस दी गई है। बताया गया है कि अनाधिकृत अवैध निर्माण से उपरोक्त नियमों का उल्लंघन हो रहा है साथ ही विद्युत दुर्घटना की पूर्ण संभावना है। नोटिस में कहा है कि नोटिस प्राप्त होने के तुरंत बाद अवैध निर्माण को रोक दिया जाए।

### चोरों ने कुत्ते को मार डाला

मीरजापुर(आरएनएस )। लालगंज थाना क्षेत्र के बरौंधा निवासी एक व्यक्ति के घर में बीती रात अज्ञात चोरों ने चोरी की नीयत से घर में घुसने का प्रयास किया। यह घटना तब हुई जब परिवार के सदस्य अपने कमरे में सो रहे थे। चोरों की आहट सुनकर घर में मौजूद कुत्ते ने भौंकना शुरू कर दिया जिससे परिवार के सदस्यों की नींद खुल गई। घर में मौजूद लोगों की आहट सुन अज्ञात चोरों ने चोरी में असफल होने पर अज्ञात चार चोरों ने कुत्ते का मुंह दबाकर घर से कुछ दूर कुत्ते को ले जाकर मौत के घाट उतार दिया। लालगंज थाना क्षेत्र के बरौंधा चौकी अंतर्गत बरौंधा निवासी अखिलेश मिश्र पुत्र गुलाबचंद मिश्र ने थाने में तहरीर देकर लिखा कि हम सभी परिवार के सदस्य घर के अंदर कमरे में सो रहे थे कि कुत्ते के भोंकने की आवाज सुनकर बाहर निकल कर देखा कि चार की संख्या में अज्ञात चोर घर में घुसने का प्रयास कर रहे है।

### थाना चकेरी के विवेचकों का अर्दली रूम किया गया

कानपुर । पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह द्वारा पुलिस उपायुक्त पूर्वी कार्यालय पर थाना चकेरी के विवेचकों का अर्दली रूम किया गया जिसमें मामलों की प्रगति की समीक्षा की व निर्देश दिए और आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किए अकारण विवेचनाओ को लम्बित रखने वाले विवेचको को सख्त हिदायत देते हुए निष्पक्ष ढंग से विवेचना करने व निर्धारित समय सीमा के भीतर विधिक निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया।

अमृत कलश टाइम्स
हिन्दी दैनिक

प्रयागराज

प्रयागराज,रविवार 02 फरवरी 2025



## कुर्सी बचाओं बजट,आमजन के लिए कुछ भी नहीं – उज्जवल रमण सिंह

प्रयागराज। सांसद उज्जवल रमण सिंह ने लोकसभा में पेश हुए बजट को निराशा जनक कहा इसमें किसान, छात्र,नवजवान,महिला के लिए कुछ भी नहीं यह सिर्फ कुर्सी बचाओ बजट हैं।सांसद ने कहा कि शिक्षा व स्वास्थ्य पर बजट में बढ़ोत्तरी नहीं किया जो दुर्भाग्य पूर्ण हैं। किसानों की कर्ज माफी नहीं हुई जिससे किसान परेशान हैं किसानों को और कर्ज लेने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं जिससे उधोगपतियों को लाभ हो,यह उधोगपति हितैषी बजट हैं।आयकर का झुनझुना थमा कर वाहवाही लूट रही सरकार लोगों के आय के लाले पड़े हैं। सांसद प्रतिनिधि विनय कुशवाहा ने बताया कि सांसद उज्जवल रमण सिंह को इस बात की पीड़ा हैं कि महाकुंभ में इतनी बड़ी घटना हुई प्रयागवासियों को उम्मीद थी कि इस बजट में एम्स की घोषणा होगी लेकिन निराशा हाथ लगीं कितने महीने से प्रयागवासी जाम के झाम से जूझ रहे हैं मेट्रो रेल कि घोषणा होतीं तो लोगों को राहत मिलती पर ऐसा नहीं हुआ प्रयागराज सहित उत्तर प्रदेश को भी कुछ नहीं मिला इस बजट में।

## अयोध्या में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन

प्रयागराज। नवांकुर अंजलि साहित्यक आस्था परिवार एवं राष्ट्रीय कला मंच के संयुक्त तत्वाधान में अखिल भारतीय 110 वां कवि सम्मेलन का आयोजन अयोध्या के निकट नया बस अड्डा श्री राम आडोटोरियम में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। कवि सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में कामाख्या देवी मंदिर पीठाधीश्वर इंद्रेश कौशिक जी महाराज उपस्थित थे। एवं संतोष मिश्रा तक्षशिला (आईएएस) भी उपस्थित रहे। विशिष्ट जनों को सुशील चतुर्वेदी द्वारा श्री राम नाम का पटका एवं चित्र भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया। सम्मेलन में देशभर के कवियों ने अपनी सुंदर रचनाएं प्रस्तुत कीं। यह सम्मेलन साहित्य और संस्कृति के प्रति समर्पित था। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य साहित्य और संस्कृति को बढ़ावा देना था। यह सम्मेलन एक भव्य सफलता थी। कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक मुद्दों पर प्रकाश डाला।


**महाकुम्भ 2025 के दौरान मेला विशेष रेलगाड़ियों का संचालन**

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित श्रद्धालुओं/रेलयात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए महाकुम्भ-2025 के दौरान आरक्षित कुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ियों के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् है:-

**(1) गाड़ी सं. 08475/08476 पुरी-टूण्डला**

| 08475 पुरी-टूण्डला | | स्टेशन | 08476 टूण्डला-पुरी | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 11:15 | पुरी | 09:45 | -- |
| 09:48 | 09:50 | मिर्जापुर | 12:30 | 12:32 |
| 12:05 | 12:10 | प्रयागराज | 10:50 | 10:55 |
| 13:20 | 13:22 | फतेहपुर | 08:43 | 08:45 |
| 16:00 | 16:05 | गोविंदपुरी | 07:25 | 07:30 |
| 18:03 | 08:05 | इटावा जं. | 05:13 | 05:15 |
| 21:30 | -- | टूण्डला जं. | -- | 04:00 |

• गाड़ी सं. 08475 पुरी से बुधवार, दिनांक 05.02.2025 एवं शुक्रवार, दिनांक 21.02.2025 •गाड़ी सं. 08476 टूण्डला से शुक्रवार, दिनांक 07.02.2025 एवं रविवार, दिनांक 23.02.2025 संरचना: स्लीपर श्रेणी-09, सामान्य श्रेणी-04, वाता. तृतीय श्रेणी-05, वाता. द्वितीय श्रेणी-01

**(2) गाड़ी सं. 08467/08468 भुवनेश्वर-टूण्डला**

| 08467 भुवनेश्वर-टूण्डला | | स्टेशन | 08468 टूण्डला-भुवनेश्वर | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 12:50 | भुवनेश्वर | 08:15 | -- |
| 09:48 | 09:50 | मिर्जापुर | 12:30 | 12:32 |
| 12:05 | 12:10 | प्रयागराज | 10:50 | 10:55 |
| 13:20 | 13:22 | फतेहपुर | 08:43 | 08:45 |
| 16:00 | 16:05 | गोविंदपुरी | 07:25 | 07:30 |
| 18:03 | 08:05 | इटावा जं. | 05:13 | 05:15 |
| 21:30 | -- | टूण्डला जं. | -- | 04:00 |

• गाड़ी सं. 08467 भुवनेश्वर से शुक्रवार, दिनांक 14.02.2025 • गाड़ी सं. 08468 टूण्डला से रविवार, दिनांक 16.02.2025 संरचना: स्लीपर श्रेणी-10, सामान्य श्रेणी-04, वाता. तृतीय श्रेणी-04, वाता. द्वितीय श्रेणी-01

**(3) गाड़ी सं. 08588/08587 विशाखपट्टणम-गोरखपुर**

| 08588 विशाखपट्टणम-गोरखपुर | | स्टेशन | 08587 गोरखपुर-विशाखपट्टणम | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 22:20 | विशाखपट्टणम | 15:55 | -- |
| 04:18 | 04:20 | मानिकपुर जं. | 08:55 | 08:57 |
| 06:20 | 06:25 | प्रयागराज छिवकी | 05:50 | 05:55 |
| 07:25 | 07:27 | मिर्जापुर | 04:43 | 04:45 |
| 07:55 | 07:57 | चुनार | 04:10 | 04:12 |
| 19:30 | -- | गोरखपुर जं. | -- | 17:45 |

• गाड़ी सं. 08588 विशाखपट्टणम से मंगलवार, दिनांक 04.02.2025 • गाड़ी सं. 08587 गोरखपुर से शुक्रवार, दिनांक 07.02.2025 संरचना: इकॉनामी कोच-03, वाता. द्वितीय श्रेणी-04, स्लीपर श्रेणी-08, सामान्य श्रेणी-04

**(4) गाड़ी सं. 07077/07078 चर्लपल्ली-दानापुर**

| 07077 चर्लपल्ली-दानापुर | | स्टेशन | 07078 दानापुर-चर्लपल्ली | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 15:00 | चर्लपल्ली | 23:45 | -- |
| 15:53 | 15:55 | मानिकपुर जं. | 23:10 | 23:12 |
| 17:45 | 17:50 | प्रयागराज छिवकी | 20:25 | 20:30 |
| 19:03 | 19:05 | मिर्जापुर | 19:10 | 19:12 |
| 23:55 | -- | दानापुर | -- | 15:15 |

• गाड़ी सं. 07077 चर्लपल्ली से मंगलवार, दिनांक 18.02.2025 एवं शनिवार, 22.02.2025 • गाड़ी सं. 07078 दानापुर से गुरुवार, दिनांक 20.02.2025 एवं सोमवार 24.02.2025 संरचना: वाता. द्वितीय श्रेणी-02, वाता. तृतीय श्रेणी-01, इकनॉकी कोच-11, स्लीपर श्रेणी-03

**(5) गाड़ी सं. 07111/07112 बीदर-दानापुर-चर्लपल्ली**

| 07111 बीदर-दानापुर | | स्टेशन | 07112 दानापुर-चर्लपल्ली | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 11:10 | बीदर | -- | -- |
| 14:58 | 15:00 | चर्लपल्ली | 23:45 | -- |
| 15:53 | 15:55 | मानिकपुर जं. | 23:10 | 23:12 |
| 17:45 | 17:50 | प्रयागराज छिवकी | 20:25 | 20:30 |
| 19:03 | 19:05 | मिर्जापुर | 19:10 | 19:12 |
| 23:55 | -- | दानापुर | -- | 15:15 |

• गाड़ी सं. 07111 बीदर से शुक्रवार, दिनांक 14.02.2025 • गाड़ी सं. 07112 दानापुर से रविवार, दिनांक 16.02.2025 संरचना: वाता. द्वितीय श्रेणी-02, वाता. तृतीय श्रेणी-01, इकनॉकी कोच-11, स्लीपर श्रेणी-03

नोट: रेल यात्रियों को सुझाव दिया जाता है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों की समय-सारणी, संरचना एवं अन्य स्टेशनों पर ठहराव से संबंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139, एनटीईएस ऐप एवं रेल मदद वेबसाइट www.railmadad.indianrailways.gov.in के माध्यम से अद्यतन जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

महाकुम्भ 2025 रेलवे टोल फ्री नं. 1800 4199 139 उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 219/25 FA


## क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में चंडीगढ़ ने मारी बाजी

प्रयागराज। मरहूम मोहम्मद अयूब डयूज़ क्रिकेट टूर्नामेंट में दर्शकों की भारी भीड़ के बीच हुआ रोमांचक फाइनल मुकाबला। मरहूम मोहम्मद अयूब डयूज़ क्रिकेट टूर्नामेंट गड़वारीपुर में आयोजित लेदर बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आज फाइनल मुकाबला खेला गया। चंडीगढ़ और दांदूपुर के बीच हुए इस मुकाबले को देख दर्शकों में क्रिकेट का रोमांच चरम सीमा पर पहुंच गया। चंडीगढ़ बनाम दादूपुर के बीच हुए इस मुकाबले में चंडीगढ़ की टीम ने पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 72 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दादूपुर की टीम 10 ओवर में 68 रन ही बना सकी। मैन ऑफ द मैच बने चंडीगढ़ टीम के हेमंत सिंह, मैन ऑफ द सीरीज दादूपुर टीम के फहद खान को मिला। इस लेदर बाल क्रिकेट प्रतियोगिता में कुल 45 टीमों ने लिया भाग। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे नगर पंचायत गड़वारा अध्यक्ष प्रतिनिधि सचिन सिंह शोलू सचिन सिंह शोलू द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीम को पुरस्कार एवं ट्राफी प्रदान किया गया। विजेता को ₹ 31000 उपविजेता को 21000 हजार प्रदान किया गया। इस बेहद सफल लेदर बाल टूर्नामेंट के आयोजक सभासद इबरार अली, रमजान अली, नवाब प्रधान मोहम्मद जैद इत्यादि रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के अलावा पूर्व प्रधान गड़वारा मनीष लंबरदार, अमन सिंह, सुधीर वर्मा, डब्बू सिंह, इबरार अली, मोहम्मद जैद, रोशन सिंह, रमजान समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्वच्छता समिति की बैठक सम्पन्न

प्रयागराज। जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता शुक्रवार को देर सायंकल कैम्प कार्यालय के सभागार में जिला स्वच्छता समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने जिला स्वच्छता समिति की बैठक कई माह से न कराये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये जिला पंचायत राज अधिकारी को कड़ी फटकार लगायी और निर्देशित किया कि जिला स्वच्छता समिति की बैठक निरन्तर समय से कराते रहे। डीएम ने डीपीआरओ से जानकारी ली कि जनपद में कितने सफाई कर्मी की नियुक्ति है तो बताया गया कि 2037 सफाई कर्मी नियुक्त है। डीपी आरओ को निर्देशित किया गया कि जिन गांवों में सफाई कर्मी नियुक्त है उस गांव में सामुदायिक शौचालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सेल्फ सेन्टर, गांव के मुख्य मार्ग व नालियॉ।


**रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण एवं मार्ग परिवर्तन**

भारतीय रेल द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि महाकुम्भ मेला 2025 के दौरान निम्नलिखित रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण एवं मार्ग परिवर्तन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत है :–

**रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण**

| गाड़ी संख्या | स्टेशन से | स्टेशन तक | प्रारंभिक स्टेशन से निरस्तीकरण की प्रभावी तिथि |
|---|---|---|---|
| 12816 | आनन्द विहार ट. | पुरी | 03.02.2025 |
| 12488 | आनन्द विहार ट. | जोगबनी | 03.02.2025 |
| 18310 | जम्मू तवी | सम्बलपुर जं. | 02.02.2025 |
| 22460 | आनन्द विहार ट. | मधुपुर जं. | 03.02.2025 |
| 12316 | उदयपुर सिटी | कोलकाता | 03.02.2025 |
| 22806 | आनन्द विहार ट. | भुवनेश्वर | 03.02.2025 |
| 14050 | दिल्ली जं. | गोड्डा | 03.02.2025 |
| 15631 | बीकानेर जं. | गुवाहाटी | 03.02.2025 |
| 12561 | जयनगर | नई दिल्ली | 03.02.2025 व 04.02.2025 |
| 12562 | नई दिल्ली | जयनगर | 02.02.2025 व 03.02.2025 |
| 15004 | गोरखपुर जं. | कानपुर अनवरगंज | 02.02.2025 व 04.02.2025 |
| 15003 | कानपुर अनवरगंज | गोरखपुर जं. | 03.02.2025 व 05.02.2025 |
| 14006 | आनन्द विहार ट. | सीतामढ़ी जं. | 02.02.2025 व 04.02.2025 |
| 14005 | सीतामढ़ी जं. | आनन्द विहार ट. | 03.02.2025 व 05.02.2025 |

**रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन**

| गाड़ी सं. | स्टेशन से | स्टेशन तक | वर्तमान मार्ग | परिवर्तित मार्ग | प्रा. स्टे. से प्रभावी तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 20416 | इन्दौर जं. | बनारस | कानपुर सेन्ट्रल–प्रयागराज जं.–जंघई जं.–बनारस | कानपुर सेन्ट्रल–लखनऊ | 03.02.2025 |

**रेलगाड़ियों का पुनः मार्ग परिवर्तन**

| गाड़ी सं. | स्टेशन से | स्टेशन तक | पूर्व अधिसूचित परिवर्तित मार्ग | वर्तमान परिवर्तित मार्ग | प्रा. स्टे. से प्रभावी तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 15018 | गोरखपुर जं. | लोकमान्य तिलक ट. | औड़िहार जं.–जौनपुर जं.–बनारस–ब्लाक हट 'के' प्रयागराज छिवकी –मानिकपुर जं. | गोरखपुर जं.–बाराबंकी जं.–लखनऊ–कानपुर सेन्ट्रल–वीरांगना लक्ष्मी बाई झांसी जं.–बीना जं.–इटारसी जं. | 03.02.2025 |
| 11060 | छपरा जं. | लोकमान्य तिलक ट. | जफराबाद जं.–बनारस–ब्लाक हट 'के' प्रयागराज छिवकी –मानिकपुर जं. | शाहगंज जं–लखनऊ–कानपुर सेन्ट्रल–वीरांगना लक्ष्मी बाई झांसी जं–बीना जं.–इटारसी जं. | 03.02.2025 |
| 15017 | लोकमान्य तिलक ट. | गोरखपुर जं. | मानिकपुर जं–प्रयागराज छिवकी ब्लाक हट 'के' बनारस–जौनपुर–औड़िहार जं. | इटारसी जं.–बीना जं.–वीरांगना लक्ष्मी बाई झांसी जं.–कानपुर सेन्ट्रल–लखनऊ–बाराबंकी–गोरखपुर जं. | 02.02.2025 |
| 11055 | लोकमान्य तिलक ट. | छपरा जं. | मानिकपुर जं–प्रयागराज छिवकी –मिर्जापुर–ब्लाक हट 'के' बनारस–जफराबाद जं | इटारसी जं.–बीना जं.–वीरांगना लक्ष्मी बाई झांसी जं.–कानपुर सेन्ट्रल–लखनऊ–शाहगंज जं. | 02.02.2025 |
| 22103 | लोकमान्य तिलक ट. | अयोध्या कैण्ट | मानिकपुर जं–प्रयागराज छिवकी ब्लाक हट 'के' बनारस–जौनपुर | इटारसी जं.–बीना जं.–वीरांगना लक्ष्मी बाई झांसी जं.–कानपुर सेन्ट्रल–लखनऊ | 03.02.2025 |

पूर्व अधिसूचित निम्नलिखित रेलगाड़ियों का संचालन परिवर्तित मार्ग प्रयागराज जं.–प्रयागराज रामबाग–पं. दीन दयाल उपाध्याय जं.– के स्थान पर अपने निर्धारित मार्ग से निम्नानुसार होगा :–

• गाड़ी संख्या : 12310 नई दिल्ली–राजेन्द्र नगर ट. प्रारम्भिक स्टेशन से दिनांक 02.02.2025 एवं 03.02.2025 • गाड़ी संख्या : 12424 नई दिल्ली–डिब्रुगढ़ प्रारम्भिक स्टेशन से दिनांक 03.02.2024 एवं 04.02.2025 • गाड़ी संख्या : 12302 नई दिल्ली–हावड़ा प्रारम्भिक स्टेशन से दिनांक 03.02.2025 एवं 04.02.2025

नोट : रेल यात्रियों को सुझाव दिया जाता है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों की समय–सारणी, संरचना एवं अन्य स्टेशनों पर ठहराव से संबंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन नं. 139, एनटीईएस ऐप रेल मदद वेबसाइट www.railmadad.indianrailways.gov.in के माध्यम से अद्यतन जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

महाकुम्भ 2025 रेलवे टोल फ्री नं. 1800 4199 139 उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 225/25 (C)


## यह बजट आत्मनिर्भर भारत की बुनियाद है – महापौर

प्रयागराज। महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी ने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में पेश किया गया आम बजट आत्म निर्भर भारत की बुनियाद है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार का यह बजट भारत के भविष्य को बेहतर बनाएगा। अपने विचारों को व्यक्त करते हुए उन्होंने आगे कहा कि 12 लाख तक की आय पर कर छूट का इंतज़ार जनता बेहद लम्बे समय से कर रही थी। इस बजट से मध्यमवर्गी परिवारों को बहुत लाभ हुआ है।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन की बैठक सम्पन्न

प्रयागराज। जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी जी की अध्यक्षता में शुक्रवार को देर सायंकल कैम्प कार्यालय सभागार में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत सम्पादित कराये जा रहे विभिन्न कार्यो की समीक्षा की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन हेतु नामित एजेंसियों के प्रोजेक्ट मैनेजर/प्रतिनिधियों से जनपद में संचालित सभी परियोजनाओं के बारे में बिंदुवार जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि पाइप लाइन बिछाने के उपरान्त जिन सड़कों की मरम्मत की गयी है वह गुणवत्तापूर्ण है या नही उसकी जांच करायी जाये। बैठक में बताया गया कि फेज–2 के अन्तर्गत जमीन की उपलब्धता के प्रकरण है जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि ग्राम व तहसीलवार सूची उपलब्ध करा दें जिससे जमीन के प्रकरणों का निस्तारण और कार्य को समय से कराया जा सके। उन्होंने कहा कि ट्यूबवेल लगने वाले स्थानों का चिन्हित कर लें और 31 मार्च तक ट्यूबवेल के कार्य को पूर्ण किया जाये। अधिशासी अभियन्ता जल निगम को निर्देशित किया गया कि सोलर पैनल का जो लक्ष्य दिया गया है उसे 31 अगस्त तक अवश्य पूर्ण कर लें। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए की सभी परियोजनाओं का कार्य अति शीघ्र पूर्ण किया जाए, सभी घरों को जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइपलाइन से जोड़ा जाए कोई भी गांव, मजरा अथवा घर कनेक्शन से छूटने न पाए तथा पाइपलाइन बिछाने के दौरान खोदी गई सड़कों को शीघ्र अति शीघ्र गुणवत्तापूर्ण ढंग से रिपेयर किया जाए। उन्होंने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन के प्रचार प्रसार हेतु नामित संस्थान के प्रतिनिधियों के कार्यो की जानकारी ली तो पाया गया कि नामित संस्थान के भुगतान 02 वर्षो से लम्बित है जिस पर जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि भुगतान सम्बन्धी बैठक अलग से कर ली जाये यदि कार्य हुआ है तो भुगतान की कार्यवाही की जाये और यदि कोई समस्या आ रही है तो अवगत कराया जाये। अधिशासी अभियन्ता जल निगम को निर्देशित किया गया कि पत्रावलियों को लम्बित न रखें जो भी कार्य हुये है समय से भुगतान करना सुनिश्चित करें और अगली बैठक में तैयारियों के साथ उपस्थित हो। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, अधिशासी अभियन्ता जल निगम अजय कुमार उपाध्याय सहित कार्यदायी संस्थाओं के प्रोजेक्ट मैनेजर/प्रतिनिधि व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## 03 फरवरी को आयोजित कैम्पस इन्टरव्यू में युवक एवं युवतियां रोजगार के अवसर प्राप्त करें

प्रयागराज। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के नोडल प्रधानाचार्य ने बताया है कि आईटीआई परिसर में दिनांक 03 फरवरी को आयोजित कैम्पस इन्टरव्यू में कम्पनी हीरो मोटर्स हरिद्वार द्वारा युवतियों (उम्र सीमा 18 से 26 वर्ष) तथा कम्पनी सुजकी मोटर्स गुजरात द्वारा युवको (उम्र सीमा 18 से 24 वर्ष) का चयन किया जायेगा।


**महाकुम्भ 2025 के दौरान मेला विशेष रेलगाड़ियों का संचालन**

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित श्रद्धालुओं/रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए महाकुम्भ-2025 के दौरान आरक्षित कुंभ मेला विशेष रेलगाड़ियों के संचालन का निर्णय लिया गया है। जिसका विवरण निम्नवत् है:-

**गाड़ी संख्या 04494/04493 आनंद विहार (ट.)-पटना जं.-आनंद विहार (ट.)**

| गाड़ी सं. 04494 आनंद विहार (ट.) | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04493 पटना जं. | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 23:55 | आनंद विहार (ट.) | 14:00 | — |
| 02:00 | 02:02 | अलीगढ़ जं. | 10:43 | 10:45 |
| 03:05 | 03:10 | टूण्डला जं. | 08:50 | 08:55 |
| 06:40 | 06:45 | गोविन्दपुरी | 05:15 | 05:20 |
| 10:30 | 10:35 | प्रयागराज जं. | 02:10 | 02:15 |
| 18:15 | --- | पटना जं. | --- | 20:00 |

• गाड़ी सं. 04494: आनंद विहार (ट.) से दिनांक 06.02.2025 • गाड़ी सं. 04493: पटना जं. से दिनांक 07.02.2025 • गाड़ी संरचना: वातानुकूलित तृतीय श्रेणी-12, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी-05, वातानुकूलित प्रथम श्रेणी-01

**गाड़ी संख्या 08763/08764 दुर्ग जं.-टूण्डला जं-दुर्ग जं.**

| गाड़ी सं. 08763 दुर्ग जं.-टूण्डला जं. | | स्टेशन | गाड़ी सं. 08764 टूण्डला जं.-दुर्ग जं. | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 13:50 | दुर्ग जं. | 19:50 | — |
| 03:00 | 03:02 | मानिकपुर जं. | 05:35 | 05:37 |
| 05:45 | 05:50 | प्रयागराज जं. | 02:05 | 02:10 |
| 07:18 | 07:20 | फतेहपुर | 21:30 | 21:32 |
| 08:25 | 08:30 | गोविन्दपुरी | 20:25 | 20:30 |
| 10:20 | 10:22 | इटावा जं. | 18:08 | 18:10 |
| 12:30 | --- | टूण्डला ज. | --- | 17:10 |

• गाड़ी सं. 08763: दुर्ग जं. से बुधवार, दिनांक 05.02.2025 एवं 19.02.2025 • गाड़ी सं. 08764: टूण्डला जं. से गुरुवार, दिनांक 06.02.2025 एवं 20.02.2025 • गाड़ी संरचना: सामान्य श्रेणी-4, स्लीपर श्रेणी -06, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी-06, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी-01, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी-02, वातानुकूलित प्रथम श्रेणी-01

**गाड़ी संख्या 08765/08766 दुर्ग जं.-टूण्डला जं-दुर्ग जं.**

| गाड़ी सं. 08765 दुर्ग जं.-टूण्डला जं. | | स्टेशन | गाड़ी सं. 08766 टूण्डला जं.-दुर्ग जं. | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 13:50 | दुर्ग जं. | 19:50 | — |
| 03:00 | 03:02 | मानिकपुर जं. | 05:35 | 05:37 |
| 05:45 | 05:50 | प्रयागराज जं. | 02:05 | 02:10 |
| 07:18 | 07:20 | फतेहपुर | 21:30 | 21:32 |
| 08:25 | 08:30 | गोविन्दपुरी | 20:25 | 20:30 |
| 10:20 | 10:22 | इटावा जं. | 18:08 | 18:10 |
| 12:30 | --- | टूण्डला जं. | --- | 17:10 |

• गाड़ी सं. 08765: दुर्ग जं. से दिनांक 14.02.2025 (शुक्रवार), • गाड़ी सं. 08766: टूण्डला जं. से दिनांक 15.02.2025 (शनिवार), • गाड़ी संरचना: सामान्य श्रेणी-3, स्लीपर श्रेणी -10, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी-02, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी-02

नोट: रेल यात्रियों को सुझाव दिया जाता है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों की समय-सारणी, संरचना एवं अन्य स्टेशनों पर ठहराव से संबंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139, एनटीईएस ऐप एवं रेल मदद वेबसाइट www.railmadad.indianrailways.gov.in के माध्यम से अद्यतन जानकारी प्राप्त की जा सकती है। 226/25 (D)

महाकुम्भ 2025 रेलवे टोल फ्री नं. 1800 4199 139 उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in


## महाकुम्भ मे जान गंवाने वाले युवक के परिजनों ने लगाए गंभीर आरोप मचा दी सनसनी

प्रयागराज। प्रयागराज के महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर मची भगदड़ में कई लोगों की मौत हो गई थी और 60 से अधिक लोग घायल हो गए थे। इस घटना को हुए चार दिन बीत चुके हैं और लोग आज भी अपनों की खोज में अस्पताल से लेकर मोर्चरी तक के चक्कर लगा रहे हैं. इस बीच एक हैरान करने वाली तस्वीर देखने को मिली हैं, जहां शवों को नेचुरल मौत बताकर शव सौंपे जा रहे हैं.कुंभ में मारे गए लोगों के परिवार से पुलिस लाश के बदले जबरन ये लिखवा रही है कि सामान्य मौत है और शव लेकर जा रहे हैं. एमपी के परिवार ने वो लेटर साझा किया है। इसी के जरिए मौत के आंकड़े छुपाए जा रहे हैं, भगदड़ में मारे गए लोगों को प्राकृतिक मौत बताकर शव सौंपे जा रहे हैं। एक पीड़ित परिवार से पत्र पर जबरन लिखवाया गया कि 29 जनवरी को ग्वालियर से युवक कुंभ में बुआ के लड़के के साथ संगम पर स्नान करने के लिए आया था। वह महानिर्वाणी अखाड़ा में रुका हुआ था, वहीं पर अचानक तबीयत खराब हुई और मृत्यु हो गई. सूचना जा रही है कि आवश्यक कार्यवाही करने की कृपा करें. युवक की मौत 29 जनवरी को हुई है।

## संस्कार भारती के मंच पर लोक गीत एवं कथक नृत्य

प्रयागराज। प्रयागराज संस्कार भारती के शिविर महेश्वर परिसर में स्थित मंच महाकुंभ–2025 का शुभारंभ हुआ आरोही सिंह के द्वारा कथक नृत्य के माध्यम से गणेश वंदना द्वारा सिंह ने होली की भी भाव–प्रस्तुति दी।प्रयागराज की प्रियंका चौहान एवं रागिनी चन्द्रा द्वारा लोक गायन प्रस्तुति किया गया।आर्यन चौधरी संजय ने भजन गायन किया।की–बोर्ड पर शीबू भट्ट तथा ढोलक पर सोना भट्ट ने संगत की।आर्यन चौधरी ने भजन प्रस्तुत किया




।संस्कार भारती काशी प्रांत के संगठन मंत्री दीपक शर्मा द्वारा अंग–वस्त्र द्वारा कलाकारों को सम्मानित किया गया। संस्कार भारती के कला संयोजक एवं मीडिया प्रभारी कलाकार रवीन्द्र कुशवाहा ने बताया कि महेश्वर परिसर में लगी चित्रकला प्रदर्शनी को हजारों दर्शकों ने देखा और चित्रों की सरहना की । डॉ योगेंद्र कुमार मिश्र ने संचालन व उद्घोषणा की।

## एंटी रोमियो टीम ने बाइक स्टंटबाजों को किया गिरफ्तार

प्रयागराज। इन दिनों फतेहपुर पुलिस के द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध ताबड़तोड़ कार्यवाही से अराजकतत्वों व शरारती, मनचलों जैसे किस्म के युवाओं में हड़कंप सा मचा हुआ है। बता दें कि जनपद के थाना सुल्तानपुर घोष में तैनात एंटी रोमियों प्रभारी उपनिरीक्षक दिलीप कुमार के नेतृत्व में आये दिन कुछ न कुछ नए तरीके से अपराध नियंत्रण करते हुए देखे जा रहे हैं। इसी कड़ी में शनिवार की सुबह एंटी रोमियो प्रभारी उपनिरीक्षक दिलीप कुमार टीम के सहयोगी हेड कांस्टेबल ओमप्रकाश पाण्डेय, रणवीर सिंह, इंद्रवीर सिंह, महिला आरक्षी प्रियंका यादव सहित ऐरायाँ मशायक के पास जा रहे थे, तभी अफोई बार्डर की ओर से एक अपाचे व दो पल्सर में चार युवक सवार थे जो काफ़ी तेज रफ्तार से स्टंट करते हुए निकले और अपनी जान की परवाह न करते हुए दूसरों के जान को भी खतरे में डाल कर रेसिंग करते हुए जा रहे थे तभी एंटी रोमियों की टीम ने गाड़ी भगाकर पकड़ने का प्रयास किया और एक पल्सर सवार को पकड़ लिया। तभी दो बाइक पर सवार युवक रफ्तार बनाकर भागे जिनको पुलिस टीम द्वारा घूमन कुंआ के पास पकड़ लिया गया और थाना लाकर विधिक कार्यवाही की गई। इस प्रकरण में थानाध्यक्ष राजेंद्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि फोन से सूचना मिली कि दो पल्सर व एक अपाचे सवार चार युवक जो आमजन को मुंह के द्वारा हुटिंग करते हुए एवं स्टंटबाजी करते हुए निकल रहे हैं, तभी क्षेत्र में तैनात एंटी रोमियों ने स्टंटबाज युवकों को पकड़ कर सुसंगत धाराओं में कार्यवाही किया है।

## आगरा,मेरठ,हरिद्वार,दिल्ली, हरियाणा, पंजाब,जम्मू एवं राजस्थान के लिए सूबेदारगंज से विशेष गाड़ियों की व्यवस्था

प्रयागराज। मंडल द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बसंत पंचमी महापर्व पर आवश्यकता के अनुसार विशेष ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। इसी क्रम में आगरा, मेरठ, हरिद्वार, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, जम्मू एवं राजस्थान से आए श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रयागराज मंडल द्वारा 03.02.2025 (सोमवार) को सूबेदारगंज स्टेशन से तीन स्पेशल ट्रेनों का दोपहर 3:00 बजे से शाम 9:00 के मध्य संचालन किया जाएगा। इन स्पेशल ट्रेनों को फतेहपुर, बिंदकी रोड,कानपुर सेंट्रल, फफूंद, इटावा, टूंडला, हाथरस, अलीगढ़, खुर्जा और दादरी स्टेशनों पर ठहराव देते हुए दिल्ली की ओर चलाया जाएगा।

सम्पादक
सिद्धनाथ द्विवेदी
प्रबन्धक निदेशक
दीपक जयसवाल
सम्पादकीय कार्यालय
11ई/2, ताशकंद मार्ग, सिविल लाइन्स, इलाहाबाद

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के आधीन होगा।


**उत्तर मध्य रेलवे**

**निविदा सूचना**

ई-निविदा सूचना सं.: उप मुख्य विद्युत अभियन्ता/नि./कानपुर/23-24 टेन्डर-135, दिनांक: 29.01.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये उप मुख्य विद्युत अभियंता/नि./कानपुर के निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन ई-टेन्डरिंग के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

कार्य का नाम: 02 नग रेल क्रेन (दो वर्षों के लिए) मरम्मत/रखरखाव के लिए व्यापक वार्षिक रखरखाव के लिए व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध (ए.एम.सी.) और 02 नग टॉवर वैगन में संशोधन एन.सी. रेलवे प्रयागराज के इलेक्ट्रिकल कंस्ट्रक्शन के (प्रयागराज और कानपुर यूनिट) का कार्य।

| अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|
| ₹ 50,54,360.37 | ₹ 1,01,100/- | ₹ 00 |

निविदा बंद होने की तिथि तथा समय: 21.02.2025, 15.00 बजे, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि: 24 माह, वैलिडिटि पीरियड: 60 दिन

• निविदा दिनांक 21.02.2025 को 15.00 बजे तक आन लाईन जमा कर सकेंगे।
• पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

203/25 FA

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in


स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक सिद्धनाथ द्विवेदी द्वारा काम्पीटेंट बिजनेस सर्विसेज विष्णु पदम कुटीर 115डी/2ई लूकरगंज, इलाहाबाद से मुद्रित एवं 399 कृष्णानगर कीडगंज से प्रकाशित।
सम्पादक–सिद्धनाथ द्विवेदी, आरएनआई नं. UPHIN/2007/22706 रजि.नं. AD-32/2008-09 ईमेल: amritkt.alld@gmail.com फोन नं. : 9453273951, 8799627062